राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 69
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 07 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 युवराज मौत मामले में बिल्डर अभय कुमार को जमानत
पेज 4 यूपी में लूट के 3-घंटे बाद दिल्ली का बदमाश ढेर
पेज 6 बिहार के लाल वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, सीएम नीतीश कुमार

## संक्षिप्त खबरें

### कार में आग लगने से शख्स की मौत, पत्नी और बच्चे झुलसे

**वायनाड।** केरल में वायनाड के मनंथावडी में कार में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि उसकी पत्नी और तीन बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मृतक की पहचान कन्नूर निवासी सजीर के रूप में हुई।कार के अंदर से सजीर की पत्नी और तीन बच्चों को बचा लिया गया और उन्हें कोझिकोड मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। यह घटना गुरुवार रात करीब 10.30 बजे हुई, जब कार मनंथावडी के एरुमाथेरुव में एक घर के सामने रुकी और अचानक उसमें आग लग गई। आशंका है कि सजीर ने ही कार के अंदर ईंधन डालकर आग लगाई।

### विजय को कोर्ट ने नहीं मिली राहत, भरना होगा 1.50 करोड़ रुपये का आयकर जुर्माना

**नई दिल्ली।** मद्रास हाई कोर्ट ने टीवीके प्रमुख और अभिनेता जोसेफ विजय की आयकर विभाग के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका में उनके 2015-16 के दौरान अपनी पूरी आय नहीं बताने के लिए 1.50 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस सेंथिलकुमार रामामूर्ति ने शुक्रवार को विजय द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा कि जुर्माना लगाने का आदेश समय सीमा के भीतर था और इसलिए इस आदेश में हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं थी। इसलिए, जज ने कहा कि याचिका खारिज की जाती है।

# भारत ने छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता

## इंग्लैंड को 100 रन से हराया; वैभव सूर्यवंशी ने 175 रन बनाए, 15 छक्के लगाए





भारत ने छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने शुक्रवार को इंग्लैंड पर 100 रनों की जीत हासिल की। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन बनाए। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने 80 बॉल पर 175 रन बनाए। इनमें से 150 रन बाउंड्री से बने। वैभव ने 218.75 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए पारी में 15 चौके और 15 सिक्स लगाए। कप्तान आयुष म्हात्रे ने 53 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से सेबेस्टियन मॉर्गन और एलेक्स ग्रीन ने 2-2 विकेट झटके। 412 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर ऑलआउट हो गई। आरएस अंबरीश ने 3 विकेट झटके। दीपेश देवेन्द्रन और कनिष्क चौहान को 2-2 विकेट मिला। इंग्लैंड के कालेब फॉल्कनर ने 67 बॉल पर 115 रन बनाए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत :** आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), वेदांत त्रिवेदी, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल और दीपेश देवेन्द्रन।

**इंग्लैंड टीम :** थॉमस रेव (कप्तान), बेन डॉकिन्स, जोसेफ मोरिस, बेन मेयस, कालेब फॉकनर, राल्फी अल्बर्ट, फरहान अहमद, सेबेस्टियन मॉर्गन, जेम्स मीटो, मैनी लुम्सडेन और एलेक्स ग्रीन।

### इंडिगो की फ्लाइट में लैंडिंग के समय तकनीकी दिक्कत आई, मुंबई में सुरक्षित लैंडिंग हुई

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान में लैंडिंग के दौरान तकनीकी दिक्कत आ गई। विमान के लैंडिंग गियर के लीवर में समस्या थी। यह विमान ए321 नियो था, जो फ्लाइट नंबर 6ई2157 के रूप में उड़ान भर रहा था। इसमें 210 से ज्यादा यात्री सवार थे। हालांकि, पायलट की समझदारी से विमान सुरक्षित रूप से एयरपोर्ट पर लैंड करा लिया गया। सूत्रों के अनुसार, लैंडिंग गियर का ऑटोमैटिक सिस्टम काम नहीं कर रहा था, इसलिए पायलट ने मैनुअल सिस्टम का इस्तेमाल किया। बाद में तकनीकी खराबी को ठीक कर लिया गया। दिक्कत दूर होने के बाद विमान ने दूसरी उड़ानें भी सामान्य रूप से पूरी कीं। इस मामले पर इंडिगो एयरलाइंस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# लोकसभा सोमवार तक स्थगित




### केंद्रीय मंत्री बिट्टू बोले- राहुल पीएम की पाठशाला जाएं तो कामयाब होंगे; राहुल ने उन्हें गद्दार कहा था

**नई दिल्ली।** संसद में शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा और नारेबाजी हुई। पहली बार 3 मिनट और दूसरी बार 7 मिनट तक ही कार्यवाही चल सकी। इसके बाद लोकसभा 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा को भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा- उन्हें कल सबने बालक कहा। आज पीएम की पाठशाला थी, जिसमें बच्चों को कामयाब होना बताया गया। अगर राहुल भी पीएम की पाठशाला में चले जाएं तो जिंदगी में कामयाब हो जाएंगे।

गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास कर दिया गया। लोकसभा में 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। वहीं राज्यसभा में पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद प्रस्ताव पास हुआ था।

### राज्यसभा में शून्यकाल, खड़गे बोले- 10 साल में सिर्फ कांग्रेस को गाली दी



मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- हम सिख समुदाय का सम्मान करते हैं, मनमोहन सिंह हमारी सरकार में वित्त मंत्री थे। बीजेपी सिखों, दलितों, आदिवासियों का सम्मान नहीं करती, पिछले 10 सालों में कांग्रेस को गाली देने के अलावा कुछ नहीं किया। खड़गे का यह बयान पीएम की राज्यभा में स्पीच पर आया है। जब पीएम ने कहा था कि कांग्रेस के अंदर सिखों के प्रति कूट-कूट करके नफरत भरी पड़ी है।

### कांग्रेस सांसद बोले- पीएम 56 के सीने वाले, ड्रामा क्यों कर रहे

स्पीकर ओम बिरला के सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पीएम मोदी से लोकसभा में भाषण न देने के लिए कहने पर, कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा- हम विश्वगुरु हैं। हमारे प्रधानमंत्री 56 इंच सीने वाले नेता हैं और पाकिस्तानियों का उनके घर में भी सामना कर सकते हैं। वे ऐसा ड्रामा क्यों कर रहे हैं और ऐसा झूठ क्यों फैला रहे हैं? लोकसभा वह जगह है जहां से उन्हें चुना गया है। वह उसके सदस्यों में से एक हैं। वे सांसदों पर आरोप लगा रहे हैं।

# दिल्ली- गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत

### जलबोर्ड के 3 अधिकारी सस्पेंड, केस भी दर्ज; राहुल गांधी बोले- कातिल सड़क नहीं, गैरजिम्मेदार सत्ता है




**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी में 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत मामले में एक्शन हुआ है। पुलिस ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। जल बोर्ड ने 3 अधिकारियों को सस्पेंड भी किया है। इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। वहीं, डीजेबी ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की बात कही है। इधर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस घटना पर एक्स पोस्ट में लिखा- यह हादसा नहीं, हत्या है। इसकी जिम्मेदारी सरकार की है और वह जवाबदेही से भाग रही है। कातिल सड़क नहीं, गैरजिम्मेदार सत्ता है दरअसल, 5 फरवरी की देर रात कमल भयानी (25) की दिल्ली जब बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गड्ढे में गिरकर मौत हुई। 6 फरवरी की सुबह 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद कमल का शव निकाला गया।



## हैप्पी मॉर्निंग

साली- प्यार में पैसों की अहमियत नहीं होती
जीजा- फिर हर कहानी में लड़की के ख्वाबों में कोई राजकुमार ही क्यों होता है? कभी सुना है कि मेरे सपनों का मजदूर बरात लेकर आएगा जीजा की बात सुनकर साली के होश उड़ गए.....



## शायरी

चले तो पाँव के नीचे कुचल गई कोई शय
नशे की झोंक में देखा नहीं कि दुनिया है

## अर्थसार



संसेक्स:
83,580.40
+266.47 (0.32%)
निफ्टी:
25,693.70
+50.90

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 23 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 11 डिग्री से0 |
| सूयोदय रविवार | : | 7 : 09 |
| सूर्यास्त शनिवार | : | 6 : 09 |

# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, 7 नक्सली ढेर

### गढ़चिरौली में शहीद जवान को गार्ड ऑफ ऑनर; नम आंखों से परिजनों ने दी अंमित विदाई



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर हुए हैं। इनमें 3 महिला नक्सली शामिल हैं। वहीं महाराष्ट्र का एक जवान शहीद हो गया, 1 अन्य जवान घायल है। 6 फरवरी की सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों ओर से हुई गोलीबारी में महाराष्ट्र के ष्ट-60 कमांडोज ने पहले 3 और फिर 4 नक्सलियों को मार गिराया।

इस दौरान नक्सलियों की ओर से फायरिंग में गोली कॉन्स्टेबल दीपक चिन्ना मदावी (38 साल) को जा लगी। उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर भामरागड़ के अस्पताल लाया गया। जहां ऑपरेशन के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मामला महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ तहसील क्षेत्र का है। शहीद जवान दीपक को गार्ड ऑफ ऑनर देकर शव गृहग्राम रवाना किया गया है।

इस मुठभेड़ में एक और जवान किष्ट्यापल्ली के रहने वाले जोगा मदवी को भी रात में एक गोली लगी थी। उन्हें भी एयरलिफ्ट करके भामरागड़ लाया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर है।

### 7 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद

महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार मुठभेड़ वाले इलाके से 7 माओवादियों के शव (4 पुरुष और 3 महिला) बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही ऐके-47 और एक एसएलआर राइफल बरामद की गई है। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। इलाके में ऑपरेशन और तलाशी अभियान जारी है।

### पाकिस्तानी जेल में 7 साल बिताकर बालाघाट लौटे प्रसन्नजीत

**बालाघाट।** पाकिस्तान की जेल से सात साल बाद निकल पाए प्रसन्नजीत रंगारी शुक्रवार देर शाम करीब 7 बजे बालाघाट के कटंगी पहुंचे। यहां बीजेपी विधायक गौरव पारधी ने प्रसन्नजीत का शॉल और माला पहनाकर स्वागत किया। कटंगी के बाद रात करीब सवा नौ बजे प्रसन्नजीत अपने जीजा राजेश खोब्रागड़े के साथ उनके घर मैहकेपार आए। यहां बहन संघमित्रा ने आरती उतारी तो भाई प्रसन्नजीत ने उनके पैर छुए। दोस्तों ने उनको गले लगाया। बेटे को आंखों के सामने पाकर परिजन बोले- अब कहीं मत जाना।

# मणिपुर : डिप्टी सीएम की हत्या पर 20 लाख का इनाम

## नेमचा किपगेन और 2 कुकी-जो विधायकों के विरोध में हिंसा भड़की; पत्थरबाजी, टायर जलाए



**इंफाल।** मणिपुर में कुकी-जो-हमार समुदाय के विधायकों के राज्य सरकार में शामिल होने के विरोध में शुक्रवार को चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में हजारों लोगों ने रैलियां निकालीं। चुराचांदपुर में यह विरोध प्रदर्शन बाद में हिंसक हो गया, जिसके बाद प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में पूर्ण शटडाउन लगा दिया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कुकी-जो-हमार समुदाय से आने वाले तीन बीजेपी विधायक नेमचा किपगेन, एल एम खाउते और एन सनाटे ने समुदाय के साथ धोखा किया है। नेमचा किपगेन के मणिपुर के डिप्टी चीफ मिनिस्टर बनने के विरोध में चुराचांदपुर में उनके और अन्य विधायकों के पुतले जलाए गए।

चुराचांदपुर जिले के तुइबोंग मेन मार्केट इलाके में सैकड़ों युवा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को वापस उनकी बैरक में धकेलने की कोशिश की। जब सुरक्षाबलों ने बात मानने से इनकार कर दिया तो पत्थरबाजी शुरू हो गई। कुछ लोगों ने सड़क के बीच में टायर जला दिए। आदिवासी संगठन जॉइंट फोरम ऑफ सेवन ने कुकी-बहुल चुराचांदपुर में शुक्रवार सुबह 6 से 12 घंटे का बंद बुलाया। वहीं, कुछ संगठनों ने नेमचा किपगेन को मारने वाले को 20 लाख और विधायकों एलएम खाउते, एन सेनाते को मारने वाले को 10-10 लाख रुपए इनाम देने का ऐलान किया है।

### बड़ी संख्या में कौवों की मौत से हड़कंप

**तमिलनाडु।** शुक्रवार को तमिलनाडु के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर कौवों की मौत का मामला सामने आया है। बर्ड फ्लू की आशंका को देखते हुए सरकार ने राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है। इसको लेकर पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग की ओर से कुछ दिशा-निर्देश जारी किए हैं। तमिलनाडु के अलग-अलग हिस्सों में हुए कोवों की मौत के बाद एवियन इन्फ्लूएंजा के संभावित प्रकोप को देखते हुए तमिलनाडु सरकार ने हाई अलर्ट जारी किया है। बढ़ते बायोसिक्योरिटी खतरे पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग की ओर से जारी एडवायजरी में राज्य भर के पोल्ट्री किसानों और जंगली पक्षियों को संभालने वालों के लिए सख्त एहतियाती उपायों को अनिवार्य किया गया है।

# देशभर में आज ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की हड़ताल

- घटती कमाई और शोषण के खिलाफ प्रदर्शन; ओला, उबर और रैपिडो सर्विस प्रभावित होंगी



**नई दिल्ली।** देश भर में शनिवार को ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की हड़ताल है। तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स से जुड़े ड्राइवरों और वर्कर्स ने इस हड़ताल की घोषणा की है। यह घटती कमाई, बढ़ते शोषण और सरकार की तरफ से न्यूनतम बेस फेयर तय न किए जाने के विरोध में किया जा रहा है। हड़ताल में ओला, उबर, रैपिडो, पोर्टर समेत अन्य ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट सर्विस से जुड़े ड्राइवर और वर्कर्स शामिल होंगे। यूनियनों का कहना है कि इस दौरान सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

हत्या

### जालंधर में गुरुद्वारे के बाहर हमला, थार की सीट पर लुढ़की लाश; गैंगस्टर बोला- तस्कर था

# पंजाब में आप नेता की 6 गोलियां मारकर हत्या की

**जालंधर।** पंजाब के सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के नेता सतिंदर पाल सिंह जोगी उर्फ लक्की ओबरॉय की 6 फरवरी की सुबह जालंधर में सरेआम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वे 43 साल के थे। स्कूटी पर आए दो युवकों ने उन्हें 6 गोलियां मारीं। इनमें से 5 गोलियां ओबरॉय के सीने और एक सिर में लगी।

लक्की ओबरॉय जालंधर के पॉश एरिया, मॉडल टाउन इलाके में गुरुद्वारे में माथा टेकने आए थे। जैसे ही वे गुरुद्वारे से निकलकर अपनी थार गाड़ी में बैठने लगे तो एक बदमाश ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां चलते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें शूटर दोनों हाथ में पिस्टल लेकर फायरिंग करता हुआ दिख रहा है।

ओबरॉय का परिवार उन्हें गंभीर हालत में मॉडल टाउन के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां डॉक्टरों के मृत घोषित कर देने पर परिवार को भरोसा नहीं हुआ और ओबरॉय को श्रीराम अस्पताल ले जाया गया। हालांकि वहां भी उन्हें मृत बताया गया। ओबरॉय आम आदमी पार्टी से जालंधर कैंट में वार्ड-35 के हलका इंचार्ज थे। उनका 11 दिन पहले ही बर्थडे था।

गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने ओबरॉय के मर्डर की जिम्मेदारी ली।



उसने सोशल मीडिया पर लिखा- यह हमारे भाइयों को नुकसान पहुंचा रहा था। उसका जवाब आज हमने दे दिया है। खालसा कॉलेज की प्रधानगी को लेकर यह सब कुछ हुआ है।

कत्ल के बाद डीजीपी गौरव यादव जालंधर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस केस को एक प्रोफेशनल तरीके से सॉल्व किया जाएगा। नशा तस्करी के आरोप पर यादव ने कहा कि सबका क्रिमिनल रिकॉर्ड हमारे पास है।

### गाड़ी में बैठने का इंतजार कर रहे थे हमलावर

पुलिस के मुताबिक, लक्की ओबरॉय सुबह 7: 15 बजे मॉडल टाउन के गुरुद्वारे में माथा टेकने आए। उनका यहां आना डेली रूटीन था। गुरुद्वारे में माथा टेकने के बाद वह बाहर निकले और घर जाने के लिए अपनी थार गाड़ी में बैठ गए। ठीक उसी समय स्कूटी पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और ओबरॉय की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। हमले की टाइमिंग देखकर साफ है कि बदमाश उनके गुरुद्वारे से बाहर आने का ही इंतजार कर रहे थे।

गोलियां लगने से थार गाड़ी के शीशे चकनाचूर हो गए। इसके बाद हमलावरों ने सीधे लक्की ओबरॉय के सीने और चेहरे पर गोलियां मारीं। लक्की ओबरॉय के गंभीर रूप से घायल होकर सीट पर लुढ़कते ही हमलावर स्कूटी पर वहां से फरार हो गए। यह सबकुछ इतनी जल्दी हुआ कि एकबारगी तो वहां खड़े लोगों को कुछ समझ ही नहीं आया। हमलावरों को फरार होते देखकर लोग ओबरॉय की मदद के लिए दौड़े।

# मेघालय खदान हादसे में मौतों का आंकड़ा 25 पहुंचा, 2 मालिक गिरफ्तार



**जैंतिया हिल्स।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में अवैध 'रैट-होल' कोयला खदान हादसे में मौत का आंकड़ा 25 हो गया है। गुरुवार सुबह डायनामाइट विस्फोट के बाद हुए इस हादसे में 8 मजदूर घायल भी हुए हैं।एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्पेशल रेस्क्यू टीमें तब से लगातार बचाव कार्य में जुटी हैं। हालांकि, कच्ची खदान की संकरी सुरंगों में पानी भर गया है। विस्फोट के बाद जहरीली गैस जमा होने से रेस्क्यू की रफ्तार धीमी है। पुलिस ने अवैध खदान चलाने के आरोप में दो मालिकों (शमेही वार और फॉर्मे चिरमांग) को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी की पहचान कर ली गई है। सीएम कॉनराड संगमा के निर्देश पर खनन और स्वास्थ्य विभाग के दो कैबिनेट मंत्री मौके पर पहुंचे। इस हादसे में नेपाल के सगे भाई पूर्ण बहादुर खापांगी और सुरेंद्र खापांगी की मौत हुई है।

# संपादकीय

## क्यों अब भी नहीं रुक पा रहे जानलेवा मांझे



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत में पतंगबाज़ी केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक परंपरा और उत्सव का हिस्सा है। मकर संक्रांति, स्वतंत्रता दिवस और कई स्थानीय त्योहारों पर आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है। लेकिन इस खुशी के साथ एक खतरनाक साया भी जुड़ा है—जानलेवा मांझा। हर साल सैकड़ों लोग इस घातक धागे की वजह से घायल होते हैं और कई अपनी जान तक गंवा देते हैं। सवाल यह है कि बार-बार प्रतिबंध और जागरूकता अभियानों के बावजूद जानलेवा मांझा अब भी क्यों नहीं रुक पा रहा?

सबसे पहले समझना होगा कि जानलेवा मांझा होता क्या है। यह सामान्य सूती धागे की जगह नायलॉन या सिंथेटिक धागे से बनाया जाता है, जिस पर कांच का चूरा या धातु पाउडर चिपकाया जाता है ताकि पतंगबाज़ी में प्रतिस्पर्धा जीती जा सके। इसे अक्सर चाइनीज मांझा कहा जाता है। यह धागा इतना तेज होता है कि इंसानी त्वचा, पक्षियों के पंख और यहां तक कि मोटरसाइकिल सवारों की गर्दन तक काट देता है।

इसके न रुक पाने का एक बड़ा कारण है बाज़ार में इसकी आसान उपलब्धता। कई राज्यों में प्रतिबंध के बावजूद यह मांझा चोरी-छिपे बिकता है। सस्ता और ज्यादा मजबूत होने के कारण लोग इसे खरीदते भी हैं। दुकानदारों के लिए यह मुनाफे का सौदा है, इसलिए वे नियमों की अनदेखी करते हैं। जब मांग बनी रहती है, तो आपूर्ति भी किसी न किसी रूप में जारी रहती है।

दूसरा कारण है लोगों की मानसिकता। पतंगबाज़ी में जीतने की होड़ इतनी बढ़ गई है कि लोग सुरक्षा से ज्यादा प्रतियोगिता को महत्व देते हैं। काटो या कट जाओ की सोच में कई लोग यह भूल जाते हैं कि उनका एक फैसला किसी की जान ले सकता है। कुछ लोग इसे रोमांच और प्रतिष्ठा से जोड़कर देखते हैं।

तीसरा महत्वपूर्ण पहलू है कानूनों का ढीला पालन। कई बार प्रशासन त्योहारों के समय सख्ती दिखाता है, लेकिन यह अभियान स्थायी नहीं होते। जब निगरानी कम होती है, तो अवैध मांझे की बिक्री फिर शुरू हो जाती है। जब तक नियमों का लगातार और कड़ाई से पालन नहीं होगा, समस्या बनी रहेगी।

इसके अलावा जागरूकता की कमी भी बड़ी वजह है। कई लोगों को पता ही नहीं होता कि यह मांझा कितना खतरनाक हो सकता है। हर साल पक्षी बड़ी संख्या में इसकी चपेट में आते हैं, जिससे पर्यावरण और जैव विविधता को भी नुकसान होता है। सड़क पर चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए तो यह किसी अदृश्य खतरे जैसा है।

समाधान क्या हो सकता है? सबसे पहले, सरकार को प्रतिबंध के साथ-साथ सख्त कार्रवाई और नियमित निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। अवैध बिक्री पर भारी जुर्माना और लाइसेंस रद्द करने जैसे कदम प्रभावी हो सकते हैं। दूसरा, स्कूलों, मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए लगातार जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। जब समाज खुद इसे गलत मानेगा, तभी बदलाव आएगा।

तीसरा, सुरक्षित विकल्पों को बढ़ावा देना जरूरी है। साधारण सूती धागे से भी पतंगबाज़ी का आनंद लिया जा सकता है। कई संगठन इको-फ्रेंडली मांझे को बढ़ावा दे रहे हैं, जिन्हें लोकप्रिय बनाना चाहिए।

अंत में, यह समझना होगा कि त्योहारों की खुशी किसी की जान से बढ़कर नहीं हो सकती। अगर हमारी परंपरा किसी के लिए खतरा बन रही है, तो उसे सुधारना हमारी जिम्मेदारी है। जानलेवा मांझे पर रोक केवल कानून से नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से ही संभव है। जब हर पतंगबाज़ यह ठान ले कि वह सुरक्षित मांझा ही इस्तेमाल करेगा, तभी आसमान सच में बेफिक्र और रंगीन दिखेगा।

## दिल्ली के लापता लोग

पिछले दिनों इस खबर ने दिल्ली और देश के लोगों को चौंकाया कि इस साल जनवरी माह में ही देश की राजधानी में 800 लोग लापता पाए गए, जिसमें महिला, बच्चे व अन्य वयस्क भी शामिल हैं। जैसा कि स्वाभाविक था दिल्ली में लापता लोगों का आंकड़ा सामने आने के बाद आम लोगों में चिंता व्याप्त हो गई। प्रशासनिक स्तर पर भी इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान गया। बेलगाम सोशल मीडिया पर तो इन आंकड़ों पर अपनी-अपनी सुविधा और राजनीतिक हितों के मद्देनजर व्याख्या और बयानबाजी सामने आने लगी। पब्लिक फोरम पर कहा जाने लगा कि यह दिल्ली की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद घर से निकलने के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर तमाम तरह की सलाहें दी जाने लगीं। कुछ लोग देश के सिस्टम पर सवाल खड़े करने लगे। कुछ लोगों में भय से जुड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। लेकिन इस बाबत दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़े भी अधिक चिंता बढ़ाने वाले नजर आए। प्रथम दृष्टया यह खबर परेशान करने वाली है, लेकिन पड़ताल में पाया गया कि यह स्थिति पिछले कुछ सालों के आंकड़ों के ही अनुरूप है। अगर हम पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालें तो यह स्थिति की पुनरावृत्ति ही है। लेकिन यदि बीते कुछ सालों में लापता होने वाले लोगों की संख्या पर नजर डालें तो कहा जाता है कि इस साल जनवरी में सामने आई लापता लोगों की संख्या ज्यादा नहीं है। इस बाबत दिल्ली पुलिस का कहना है कि जनवरी 26 में कुल 1,777 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रथम दृष्टया यह संख्या भले ही बढ़ी लगे, लेकिन जब पिछले दो सालों के आंकड़ों से इसकी तुलना की जाती है तो नई तस्वीर उभरती है। दरअसल, इन आंकड़ों की तह में जाएं तो दिल्ली का विशाल इलाका व सघन जनसंख्या घनत्व भी इसके मूल में है। दरअसल, एक बड़ी आबादी रोजगार व अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आती-जाती रहती है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में करीब 24,893 लोग लापता हुए थे। यानी एक माह में औसतन 2,074 लोग। वहीं साल 2025 में ये संख्या 24,508 लोग लापता हुए। अर्थात ? हर माह 2,042 लोग गुम हुए। इस दृष्टि से जनवरी, 26 का आंकड़ा इस संख्या से कम है। सवाल है कि 2026 के पहले माह के आंकड़ों को लेकर भय क्यों व्याप्त हुआ? दरअसल, पहले पंद्रह दिनों के आंकड़ों के हिसाब से दिल्ली में हर रोज 54 लोग लापता हो रहे थे। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद लोगों ने इसके मूल में किसी संकट को देखा। दिल्ली पुलिस के अनुसार ये आंकड़े स्थायी गुमशुदगी के नहीं होते। कुछ लोग अल्पकाल के लिए कहीं चले जाते हैं और देर रात तक घर भी लौट आते हैं।

पुलिस का यह भी कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में ऑनलाइन और ऐप आधारित सिस्टम के जरिये लोग जल्दबाजी में अपने परिजनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। मसलन यदि कोई बच्चा किसी कारणवश स्कूल से लौटने में देर कर दे, कोई व्यक्ति कुछ घंटों तक फोन संपर्क से कट जाए या कोई बुजुर्ग भटकने पर देर से घर पहुंचे तो लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। ये कथित गुमशुदा लोग कुछ समय बाद घर तो लौट आते हैं, लेकिन लोग पुलिस डेटा को अपडेट नहीं करते। फलस्वरूप पुलिस आंकड़ों में उनकी गुमशुदगी बनी रहती है। पुलिस का दावा है कि लापता लोगों को खोजने की दर में लगातार सुधार हो रहा है। साल 2016 में जो 23,409 लोग लापता हुए थे, उनमें से करीब 85 फीसदी नौ साल के भीतर मिल गए। साल 2025 में दर्ज मामलों में 63 फीसदी लोगों को भी एक साल के भीतर तलाश लिया गया। दलील है कि कई जटिल मामलों में तलाश का काम एक साल तक पूरा नहीं हो पाता। अन्य राज्यों में उनकी तलाश में समय लगता है। फिर भी पुलिस का दावा है कि दिल्ली के लापता लोगों की संख्या का आंकड़ा दुनिया के कई विकसित देशों से बेहतर स्थिति में है।

# सत्ता की निष्कंटक राह बरास्ते सुनेत्रा की ताजपोशी

उमेश चतुर्वेदी



महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी।

राजनीति जज्बात से नहीं, हालात के हिसाब से चलती है। महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार का शपथ ग्रहण इसका उदाहरण है। सुनेत्रा के आंसू अभी सूखे भी नहीं, पति अजित पवार के निधन के शोक से उबरना तो दूर की बात है। फिर भी उन्होंने सियासी तकाजे को ही प्राथमिकता दी और महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनकर इतिहास रच दिया। पारिवारिक वज्रपात के बीच सिंहासन पर बैठने को लेकर उनकी आलोचना स्वाभाविक है, क्योंकि समाज के सोचने का अपना ढंग है। सियासी हस्तियों से भी उसे सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संस्कारों को अपनाने की उम्मीद रहती है। सुनेत्रा सामाजिक सवालों से बच नहीं सकतीं। लेकिन सवाल यह है कि सुनेत्रा की ताजपोशी से महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ने जा रहा है? प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्या वजह रही कि सुनेत्रा ने आनन-फानन में शपथ ले ली। महाराष्ट्र के राजभवन में जनवरी महीने के आखिरी दिन जो राजनीतिक इतिहास रचा गया, उसकी कहानी किसने लिखी थी।

महाराष्ट्र में भले ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली हो, लेकिन राज्य की राजनीति के सबसे मंजे हुए खिलाड़ी शरद पवार हैं। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी। शरद पवार तो खुलकर स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनकी ओर से जयंत पाटिल, अजित पवार से बात कर रहे थे। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 12 फरवरी को दोनो पार्टियों के विलय पर अजित और शरद में सहमति हो चुकी थी। लेकिन अजित के न रहने के बाद समीकरण बदल गए। अजित के साथ गए अहम नेताओं प्रफुल्ल पटेल, आर आर पाटिल और सुनील तटकरे जैसे नेताओं की आशंकाएं बढ़ गईं। उन्हें डर था कि अगर विलय हुआ तो शरद पवार की पार्टी पर नियंत्रण बढ़ जाएगा। इसके चलते सुप्रिया सुले की पार्टी पर पकड़ बढ़ जाएगी। सुप्रिया के नियंत्रण में इन नेताओं का काम करना असहज होता। प्रफुल्ल कभी शरद पवार के बेहद नजदीकी होते थे। अजित के साथ जाकर एक तरह से उन्होंने शरद पवार के साथ दगाबाजी ही की है। उन्हें ज्यादा आशंका थी कि विलय के बाद पार्टी पर पकड़ होने के चलते शरद के बहाने सुप्रिया का चाबुक उन पर चल सकता है। लेकिन अगर पार्टी अलग रहती है और सुनेत्रा के हाथ कमान रहती है तो इन नेताओं की सियासी सेहत बनी और बची रह सकती है। यही वजह है कि अजित के निधन के चलते हुए आधिकारिक शोक की मियाद खत्म होते ही प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे जैसे नेता सक्रिय हो गए। विधायक दल की बैठक बुलाई गई और सुनेत्रा को तत्काल उसका नेता चुनकर उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार कर लिया गया। शरद पवार भले ही इस सियासी पटकथा का लेखक सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल को मानते हों, लेकिन महाराष्ट्र के सियासी हलकों में कहा जा रहा है कि असल में यह पटकथा राज्य की बीजेपी ने लिखा है। पटेल और तटकरे जैसे नेताओं ने सिर्फ इसे अमल में लाने में भूमिका निभाई है।

सवाल उठ सकता है कि अगर सुनेत्रा शपथ नहीं लेतीं तो क्या बीजेपी की सियासी सेहत गड़बड़ा सकती थी, क्योंकि राज्य में बीजेपी के 132 और एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना के 57 विधायक हैं। राज्य में बहुमत के लिए महज 145 सीटें चाहिए होती हैं।

इस लिहाज से देखें तो बीजेपी की अगुआई वाली सरकार को कोई खतरा नहीं होने जा रहा था। अजित समेत एनसीपी के 41 विधायक पिछले चुनाव में चुने गए हैं। अजित के न रहने पर यह संख्या 40 रह गई है। लेकिन बीजेपी की चिंता दूसरी है। शरद पवार की राजनीतिक स्थिति भले ही ठीक ना हो, लेकिन जैसे ही दोनों एनसीपी का विलय होता, शरद ताकतवर होकर उभरते। महाराष्ट्र का यह चाणक्य एक बार फिर स्थापित होता और बीजेपी के लिए नई सिरदर्दी खड़ी हो जाती। शरद पवार इतने प्रभावी और सियासी रूप से तिकड़मी हैं कि बीजेपी के लिए संकट बनकर उभर जाते। उनकी प्रभावी सक्रियता के चलते शिवसेना के गुटों को भी एक करने की वे कोशिश कर सकते थे। भले ही यह सोच कल्पना लग रही हो, लेकिन एकबारगी स्वीकार कर लें कि ऐसा होता तो महाराष्ट्र की राजनीति कैसी होती।

महाराष्ट्र में जिला परिषदों के चुनाव हो रहे हैं। पहले विधानसभा और बाद में स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की अगुआई वाली महाविकास अघाड़ी को सफलता नहीं मिली। अजित पवार के न रहने के चलते कांग्रेस को सक्रिय होना चाहिए था। अजित की अगुआई वाले जिला परिषद उम्मीदवार उनके न रहने की वजह से थोड़े आशंकित और निराश भी हैं। इस निराशा को कांग्रेस भुना सकती थी। वह एनसीपी के उम्मीदवारों पर डोरे डाल सकती थी और अपने उम्मीदवारों को नए जोश से भर सकती थी। अजित बेशक सत्ता में थे, लेकिन उन्हें विपक्षी खेमे के लिए अब भी हसरतभरी निगाह से ताकतवर नेता के रूप में देखा जा रहा था। अजित के न रहने के बाद विपक्षी नेतृत्व के लिए आसमान खुल गया है। शरद पवार की उम्र हो गई है।

शरद के बाहर जाने के बाद से ही कांग्रेस राज्य में कमजोर हुई है। सुप्रिया सुले का नेतृत्व ऐसा नहीं है कि वह राज्यव्यापी प्रभाव हासिल कर पाए। यह माहौल कांग्रेस के लिए ज्यादा उपयुक्त हो सकता है। ऐसे माहौल में कांग्रेस को अपने ताकतवर नेतृत्व को स्थानीय स्तर पर आगे लाना चाहिए था। लेकिन वह ऐसा करती नहीं दिख रही।

2014 के बाद से उसने जिस नैरेटिव युद्ध की शैली को अपनाया है, राष्ट्रीय स्तर पर उसी युद्ध प्रक्रिया को जारी रखे हुए है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के पास फुर्सत नहीं है कि वह महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य की राजनीति के बारे में स्थानीय जरूरतों के लिहाज से सोचे और स्थानीय समुदायों के लिए उन्हीं के बीच से प्रभावी नेतृत्व उभारे।

रणनीतिक लिहाज से देखें तो महाराष्ट्र में बीजेपी सभी दलों पर एक बार फिर बीस पड़ती नजर आ रही है। उसने सुनेत्रा को अपने खेमे में लाकर एक तीर से दो निशाने साध लिए हैं। उसने एनसीपी की ओर निश्चिंतता हासिल कर ली है, शरद पवार को एक बार फिर किनारे रखने में सफल हुई है और अपने लिए खतरा बनने की शरद की संभावनाओं को एक तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है।


महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई देश की आर्थिक राजधानी भी है। इसी वजह से केंद्रीय सत्ता के बाद सबसे ज्यादा प्रभावशाली महाराष्ट्र की सत्ता मानी जाती है। माना जाता है कि कारपोरेट और औद्योगिक जगत पर सबसे ज्यादा पकड़ महाराष्ट्र के सिंहासन की होती है। मौजूदा राजनीति में आर्थिकी सबसे ज्यादा प्रभावी है। महाराष्ट्र की सत्ता पर पकड़ देश की आर्थिक ताकतों की नब्ज पर पकड़ बनाती है। यह बताने की जरूरत नहीं है कि बीजेपी अपनी इस पकड़ को कमजोर होते नहीं देखना चाहती। इसलिए उसने सुनेत्रा को साधने में देर नहीं लगाई। इसके लिए एनसीपी के ही नेताओं को अपना औजार बनाया और सफल रही। वैसे भी शरद पवार उम्र के उस पड़ाव पर हैं, जहां से उनके लिए गुंजाइश कम है। उनके पास सक्रिय रहने के लिए ज्यादा वक्त नहीं है। बेशक वे अब भी कमजोर हों, लेकिन बीजेपी के लिए सबसे बड़ी चुनौती उद्धव ठाकरे नहीं, शरद पवार ही हैं।

सुनेत्रा को अपने खेमें में लाकर बीजेपी ने शरद की इस बची-खुची चुनौती भी खत्म करने में कामयाब रही है।

सुनेत्रा के साथ से एकनाथ शिंदे के लिए महायुति से बाहर निकलने की सोचना या बीजेपी पर दबाव बढ़ाने का मौका खत्म हो जाता है। कुछ ऐसी ही स्थिति शिंदे के साथ के चलते सुनेत्रा की भी रहेगी। बीजेपी सुनेत्रा के जरिए शिंदे को संतुलित करेगी तो शिंदे के जरिए सुनेत्रा को काबू में रखेगी।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3793




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 3792 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

दो मित्र आपस में बात कर रहे थे। एक मित्र ने कहा- 'यार, जब मैं सूट पहनकर सब्जी लेने जाता हूँ तो दुकानदार मुझे महँगी सब्जी देता है और जब गंदे कपड़े पहनकर जाता हूँ तो सस्ती देता है।'

दूसरे मित्र ने सुझाव दिया- 'यार तुम कटोरा लेकर जाया करो, मुफ्त में ही दे देगा।'

□ □ □

अपनी पत्नी के चिड़चिड़े और गुस्सैल स्वभाव से परेशान रमन एक बार किसी महात्मा के दर्शन के लिए और महात्मा से पूछा- महाराज, कोई ऐसा उपाय बताइए जिससे मेरी पत्नी हर बात में क्लेश और अपना चिड़चिड़ापन छोड़ दें।

महात्मा ने बड़े इत्मीनान से जवाब दिया- बेटे! अगर इसका उपाय मुझे पता होता तो मैं संन्यास ही क्यों लेता।

□ □ □

पत्नी ने उलाहना देते हुए पति से कहा- 'क्योंजी, आप तो विवाह से पहले कहा करते थे कि तुम्हारी छोटी से छोटी इच्छा पूरी करूँगा।'

पति- 'हाँ, पर अब तक राह देख रहा हूँ कि तुम्हारी कौन-सी इच्छा इतनी छोटी है, जिसे मैं पूरी कर सकूँगा।'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3793



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्न की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3792



## सूडोकु -3793

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3792 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 3793



**बाएँ से दाएँ**

1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टोंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

शब्द पहेली -3792 का हल



# चार दिन तक फूलों से महकेगा नोएडा

## केदारनाथ मंदिर के होंगे दर्शन, 90 स्टॉल , बैंड और 20 से ज्यादा स्कलप्चर होंगे




**नोएडा।** नोएडा में 19 से 22 फरवरी तक फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि ये आयोजन सेक्टर-33ए निकट शिल्पहाट शिवालिक पार्क होगा।

इस शो में विभिन्न प्रजातियों के फूलों द्वारा तैयार म्यूरल्स और स्कलप्चर बनाए जाएंगे। आकर्षण का केंद्र केदारनाथ मंदिर होगा। जिसे फूलों दसे बनाया जाएगा। ये 30 फीट लंबा एवं 40 फीट ऊचा होगा।

शो का मुख्य द्वार भी केदारनाथ थीम पर है। ये 22 फीट लंबा और करीब 25 फीट ऊंचा होगा। इसके अलावा फूलों से त्रिशुल, डमरू एवं नंदी को केदार मंदिर के सामने स्थापित किया जाएगा। जिसकी 08 फीट लंबाई और 03 फीट ऊंचाई का होगी। करेले से 6 फीट के हाथी को बनाया जाएगा।

मुख्य पाथवे बास्केट सौन्दर्यकरण किया जाएगा। ये 07 फीट में बनेगा। बास्केट फॉर पोट्स फ्लॉवर भी 7 फीट में बनेगा। प्रवेश पाथवे द्वार एवं प्रवेश गार्डन द्वार 10 फीट लंबाई और 12 फीट ऊंचाई में बनेगा।

टॉप बास्केट फ्लो 08 फीट लंबाई का निर्माण होगा। इसके अलावा ढोलक शेप (बास्केट सटेप), फ्लोरल रेप्लिका आफ मटका फ्लो, फ्लोरल रेप्लिका आफ बुद्धा लोटस और आकृतियां बनाई जाएंगी।

### ये संस्थान लगाएंगे अपनी प्रदर्शनी

उत्तर रेलवे, नई दिल्ली म्यूनिसिपल कोर्पोरेशन, दक्षिणी दिल्ली म्यूनिसिपल कोर्पोरेशन, भारतीय थल सेना, कोटा हाउस, भारत पेट्रोलियम, एलजी, एडोब सिस्टम, एनआईआईटी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इसमें हिस्सा लेंगे।

ये होंगे कार्यक्रम 19 फरवरी को सांसद गौतमबुद्धनगर डाक्टर महेश शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह फ्लावर शो का उद्घाटन करेंगे। आईटीबीपी बैंड टीम द्वारा प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। 20 फरवरी सवत्र बैंड अपनी प्रस्तुती देगा। 21 फरवरी को विभिन्न संस्थाओं को उनके द्वारा तैयार किये गये गार्डन जज की ओर से आंकलन किया जाएगा। उनको पुरस्कृत किया जाएगा। 22 फरवरी को स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हो सके और उनको पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

22 फरवरी को ही समापन समारोह में कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसमे विभिन्न कवि जैसे डॉ0 विष्णु सक्सेना श्रंगार रस, डॉ अर्जुन शिशौदिया वीर रस, अनिल अगवंशी हास्य-व्यंग्य रस, शंभू शिखर हास्य-व्यंग्य रस, कल्पना शुक्ला श्रंगार रस, विनोद पाण्डेय हास्य-व्यंग्य रस अपनी प्रस्तुति देंगे।

### 90 स्टॉल और 38 नर्सरी होंगी शामिल

फ्लावर शो में 90 से अधिक स्टॉल उद्यान प्रेमियों के स्वागत के लिये तैयार है। जिनमें 38 नर्सरी है। इसमें कुछ कलिम्पोंग और भीमताल से आ रहे है। बीज, खाद, नर्सरी उत्पाद, खेती के औजार, उद्यान का सजावटी सामान, कीटनाशक गमले आदि यहां मिलेंगे।

# युवराज मौत मामले में बिल्डर अभय कुमार को जमानत

**हाइकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का माना उल्लंघन, रिमांड आदेश भी निरस्त**

**नोएडा।** युवराज की मौत के मामले में इलाहाबाद हाइकोर्ट ने नोएडा पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के दौरान सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए बड़ा फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने हैबियस कॉर्पस रिट में याचिकाकर्ता अभय कुमार को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि गिरफ्तारी के समय अरेस्ट मेमो की क्लॉज-13 का पालन नहीं किया गया, जो कानूनन अनिवार्य है।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ एवं न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि गिरफ्तारी की प्रक्रिया में हुई लापरवाही न केवल संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। बल्कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किए गए सुरक्षा मानकों के भी खिलाफ है।

एमजेड विजटाउन के निदेशक और याचिकाकर्ता अभय कुमार की ओर से हाईकोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दाखिल की गई थी।

जिसमें आरोप लगाया गया कि पुलिस ने उन्हें अवैध रूप से गिरफ्तार किया और गिरफ्तारी के समय आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं का पालन नहीं किया गया।

याचिका में यह भी कहा गया कि उनकी गिरफ्तारी, हिरासत और न्यायिक रिमांड को अवैध घोषित किया जाए।

### रिमांड आदेश भी निरस्त

कोर्ट ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) गौतमबुद्धनगर द्वारा पारित दिनांक 20 जनवरी 2026 और 21 जनवरी 2026 के रिमांड आदेशों को भी अवैध करार दिया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब गिरफ्तारी ही अवैध है, तो उसके आधार पर दिया गया रिमांड आदेश भी स्वत: अवैध माना जाएगा।

खंडपीठ ने आदेश दिया कि संबंधित प्राधिकारी याचिकाकर्ता को तत्काल रिहा करें।

# नोएडा में युवती ने 5वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एक युवती ने सोसाइटी की पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है- महादेव, अब मेरी जिंदगी में बचा ही क्या है। मैं अब जीना नहीं चाहती। मेरी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराया जाए।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

यह मामला ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में गुरुवार रात की है। मृतका की पहचान जौनपुर जिले के खोजी गांव की मूल निवासी बरखा सिंह (30) के रूप में हुई है। वह ग्रेटर नोएडा के जलपुरा गांव स्थित ट्विंस बिल्डिंग में अपनी नानी के साथ रहती थी। बरखा की मां का निधन उसके बचपन में ही हो गया था, जबकि पिता उससे अलग रहते हैं। पुलिस के अनुसार, बरखा का पालन-पोषण उसकी नानी ने किया था। परिजनों ने बताया कि युवती पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में थी।

वह मेकअप आर्टिस्ट बनने का सपना देखती थी और इसके लिए लगातार प्रयास कर रही थी, लेकिन निजी और पारिवारिक परिस्थितियों के चलते वह अवसादग्रस्त रहने लगी थी। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट और परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा का दौरा किया

## औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की योजना पर अधिकारियों से ली जानकारी



**गौतम बुद्ध नगर।** बिहार सरकार के शहरी विकास एवं आवास विभाग का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बिहार में औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की योजना है, जिसके लिए ग्रेटर नोएडा से जानकारी प्राप्त करने आए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। इस दौरान जमीन अधिग्रहण से लेकर आवंटन तक की प्रक्रिया और नीतियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बैठक में एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ प्रेरणा सिंह, एसीईओ सुमित यादव, महाप्रबंधक वित्त स्वतंत्र गुप्ता, प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा, ओएसडी नवीन कुमार सिंह और प्रबंधक अरविंद मोहन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा और आईआईटीजीएनएल के इंफ्रास्ट्रक्चर, नियोजन, बिल्डिंग प्लान और आवंटन प्रक्रिया सहित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। प्राधिकरण के भूलेख विभाग ने जमीन अधिग्रहण की सभी धाराओं और किसानों को दिए जाने वाले लाभों की जानकारी दी। नियोजन विभाग ने मास्टर प्लान, सेक्टर ले-आउट, बिल्डिंग बायलॉज और बसावट से जुड़े नियमों व प्रक्रियाओं से अवगत कराया। परियोजना विभाग ने ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। वित्त विभाग के महाप्रबंधक स्वतंत्र गुप्ता ने वित्तीय मॉड्यूल प्रस्तुत किया और प्राधिकरण को स्ववित्त पोषित बनाने की प्रक्रिया को समझाया। प्राधिकरण के उद्योग विभाग के प्रबंधक अरविंद मोहन सिंह ने ग्रेटर नोएडा में लागू औद्योगिक नीतियों, योजनाओं और आवंटन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटीजीएनएल के इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने प्लग एंड प्ले सिस्टम, वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और बिजली-पानी की 24 घंटे उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा और आईआईटीजीएनएल के इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। उन्होंने यहां से प्राप्त जानकारी को बिहार के शहरी विकास एवं आवास विभाग द्वारा नीति बनाने और इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए बेहद उपयोगी बताया।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 7000 वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई

## हैबतपुर के डूब क्षेत्र और चिपियाना खुर्द में अवैध निर्माण ध्वस्त



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखी है। शुक्रवार को प्राधिकरण ने हैबतपुर के डूब क्षेत्र और चिपियाना खुर्द में बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 7000 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया।

परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि एनजीटी के निर्देश पर ग्राम हैबतपुर के खसरा संख्या 209, 210 और 212 पर बने शिवम एंक्लेव में अतिक्रमण हटाया गया। लगभग 7000 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध बाउंड्री वॉल और मकान बनाए जा रहे थे, साथ ही कॉलोनाइजर सीवर लाइन भी डाल रहे थे।

परियोजना विभाग के वर्क सर्किल एक के प्रभारी प्रभात शंकर के नेतृत्व में प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, तकनीकी सुपरवाइजर और सुपरवाइजर की टीम ने तीन जेसीबी, तीन डंपर और प्राधिकरण के पुलिस बल के सहयोग से यह कार्रवाई की। इसके अलावा, ग्राम चिपियाना खुर्द के खसरा नंबर 59 में लगभग 2000 वर्ग मीटर में बने अवैध मकान और बाउंड्री वॉल को भी ध्वस्त कर दिया गया।

प्राधिकरण द्वारा पिछले 16 दिनों में अतिक्रमण के खिलाफ यह छठवीं बड़ी कार्रवाई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित क्षेत्र में बिना अनुमति या नक्शा पास कराए बिना निर्माण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने आम जनता से अपील की है कि वे कॉलोनाइजरों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। उन्होंने सलाह दी कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

विगत 20 जनवरी को भनौता में 11340 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। इसी तरह 28 जनवरी को हैबतपुर में 6000 वर्ग मीटर, 04 फरवरी को भनौता में 10 हजार वर्ग मीटर और बृहस्पतिवार को रोहिल्लापुर में 18 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। वहीं, 29 जनवरी को खेड़ा चौगानपुर में 8 टॉवरों के 100 से अधिक फ्लैटों को सील किया गया है।

# नोएडा में 12 के साल बच्चे ने किया सुसाइड

**नोएडा।** स्कूल नहीं जाने पर माता-पिता के डाटने पर एक बच्चे ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। जिस समय बच्चे ने फांसी लगाई घर पर कोई नहीं था। घटना तीन फरवरी की है।

थाना फेस 2 क्षेत्र के नगला चरण दास गांव में 12 साल का गोलू परिवार के साथ रहता था। पिता की मौत पहले हो चुकी है। मां ने दूसरी शादी की है। उसकी एक बड़ी बहन भी है। जिस समय गोलू ने सुसाइड किया माता-पिता दोनों नौकरी पर गए थे। बहन स्कूल गई थी।

ग्राम नगला चरण दास में रहने वाले अमित का बेटा गोलू पांचवीं कक्षा का छात्र था। पुलिस ने बताया कि गोलू अक्सर स्कूल नहीं जाने के लिए बहाना बनाता था। 3 फरवरी को भी स्कूल नहीं जाने के लिए बहाना करने लगा। उसे टीवी देखना था।

जिसके चलते मां-पिता ने केबल का कनेक्शन हटाने की बात कही। और स्कूल नहीं जाने के लिए डाट दिया। गोलू तब कुछ नहीं बोला और कमरे में चला गया।

कुछ देर बाद मां-पिता दोनों नौकरी पर चले गए। वो पास में ही एक कंपनी में काम करते है। साथ ही बहन स्कूल चली गई। लौट कर देखा तो गोलू ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पिता ने पुलिस को फोन किया। शव को कब्जे में लिया गया। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम में मौत की वजह दम घुटना बताई गई।

# फिल्म सिटी पर यीडा का एक्शन

**कंसेशनायर से मांगा फंडिंग का प्रमाण, बेव्यू भुटानी पर लगा जुर्माना**

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के कंसेशनायर बेव्यू भुटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। इसकी वजह प्रोजेक्ट एग्रीमेंट की तारीख से छह महीने के अंदर फाइनेंशियल क्लोज हासिल न कर पाना है।

बेव्यू भुटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड एक स्पेशल पर्पज व्हीकल है, जिसे फिल्म निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप का समर्थन प्राप्त है। इसी कंपनी ने यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में 230 एकड़ में विकसित होने वाली नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी का टेंडर हासिल किया था।

यीडा ने 9 जून 2025 को लेआउट प्लान (प्लॉट IFC-01) और फेज-1 की बिल्डिंग योजनाओं को मंजूरी देते हुए इसे अपाइंटेड डेट घोषित किया था। इसी तारीख से 180 दिन की अवधि की गणना शुरू हुई, जिसके तहत 6 दिसंबर तक फाइनेंशियल क्लोज हासिल करना अनिवार्य था। कंसेशन एग्रीमेंट के मुताबिक, फाइनेंशियल क्लोज तभी मान्य होता है जब पूरा फाइनेंशियल पैकेज और फाइनेंशियल मॉडल तय तारीख से कम से कम दो दिन पहले कंपनी के निदेशक द्वारा सत्यापित और सीनियर लेंडर्स को स्वीकार्य रूप में यीडा को सौंपा जाए। अधिकारियों के अनुसार, तय समय-सीमा में यह शर्तें पूरी नहीं हुईं।

समय पर फाइनेंशियल क्लोज न होने पर कंसेशन एग्रीमेंट के तहत परफॉर्मेंस सिक्योरिटी अमाउंट का 0.05 प्रतिशत प्रति सप्ताह जुर्माने का प्रावधान है। इसी क्लॉज के तहत यीडा ने पेनल्टी लगाई है।

यीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेन्द्र भाटिया ने कहा कि फाइनेंशियल क्लोज इस बात का दस्तावेजी प्रमाण होता है कि लगभग 1,510 करोड़ की कुल परियोजना लागत कैसे जुटाई गई है।

# नोएडा में कॉन्स्टेबल की गर्लफ्रेंड ने खुद को मारी गोली

## पार्टी के बीच तलाकशुदा पत्नी का फोन आया था; 5 साल से अफेयर

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल की गर्लफ्रेंड ने सुसाइड करने का प्रयास किया। गुरुवार रात पार्टी के बीच कॉन्स्टेबल की तलाकशुदा पत्नी का फोन आया। जिसे गर्लफ्रेंड ने उठाया। बात करने के बाद युवती ने पास रखी कॉन्स्टेबल की पिस्टल से खुद को गोली मार ली।

कॉन्स्टेबल युवती को आनन-फानन में पास के अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना से सोसाइटी में अफरा तफरी मच गई। पुलिस की सूचना पर युवती के परिजन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कॉन्स्टेबल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

### अब विस्तार से जानिए

मामला बिसरख कोतवाली के राधा स्काई गार्डन सोसाइटी का है। 5 महीने से दिल्ली पुलिस में तैनात कॉन्स्टेबल आशीष और प्रिया (25) सोसाइटी में साथ रह रहे थे। दोनों के बीच 5 साल से अफेयर था। आशीष का पत्नी से तलाक का विवाद भी चल रहा है।





### दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था

गुरुवार रात को आशीष के घर पर पार्टी चल रही थी। पार्टी में आशीष के कुछ दोस्त भी आए थे। पार्टी के दौरान आशीष की पत्नी का फोन आ गया। प्रिया ने फोन रिसीव कर लिया। दोनों के बीच फोन पर ही कहासुनी हुई। बात करते-करते प्रिया ने गुस्से में आशीष की पिस्टल उठाई और खुद को गोली मार ली।

गोली की आवाज सुनते ही आशीष और उसके दोस्त मौके पर दौड़े। प्रिया का काफी खून बह रहा था। तुरंत ही उसे नजदीकी अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत बताई है। फिलहाल प्रिया वेंटिलेटर पर है।

### युवक खुद लेकर पहुंचा अस्पताल

एसीपी बिसरख ने बताया- राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में गुरुवार देर रात कुछ लोग पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। सोसाइटी के लोग जब पास पहुंचे तो देखा कि एक युवती खून से लथपथ पड़ी थी। कॉन्स्टेबल ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### हर एंगल से की जा रही मामले की जांच : डीसीपी

एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा आर के गौतम ने बताया- युवती को गन शॉट इंजरी है। पुलिस के द्वारा तत्काल इस मामले की जांच की गई। युवती ने खुद पर गोली चलाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर दी गई है।

पिस्टल बरामद कर ली गई है। फ्लैट को सील कर दिया है। कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# शार्ट न्यूज

### प्राथमिक विद्यालय निर्माण में घटिया सामग्री

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र स्थित चांदपुर-शाहपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगा है। ग्रामीणों की शिकायत पर यमुना विकास प्राधिकरण के जूनियर इंजीनियर (जेई) ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि यमुना विकास प्राधिकरण की ओर से बनवाए जा रहे प्राथमिक विद्यालय की इमारत में ठेकेदार द्वारा मानकों की अनदेखी की जा रही थी और निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो ठेकेदार पर उन्हें धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की। शिकायत के बाद शुक्रवार को प्राधिकरण के जूनियर इंजीनियर कमल सिंह मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की। जांच के बाद जेई ने निर्माण कार्य को तुरंत रुकवा दिया।

### खिलाड़ी की कार को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम ठाकुर की कार को टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने बोलेरो चालक को शुक्रवार, 6 जनवरी को गिरफ्तार किया। यह घटना 4 फरवरी की देर रात हुई थी, जिसके बाद पीड़ित खिलाड़ी ने एक वीडियो वायरल कर इसे जानलेवा हमला बताया था। पुलिस के अनुसार, ग्रेटर नोएडा निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम ठाकुर अपनी ग्रैंड विटारा कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी ने उनकी कार में टक्कर मार दी। घटना की जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के आधार पर बोलेरो वाहन की पहचान की गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए चालक दीपक पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी दीपक (लगभग 26 वर्ष) मधुबन बिहार, ग्राम कुलेसरा, थाना ईकोटेक-3, गौतम बुद्ध नगर का निवासी है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि वादी शिवम ठाकुर और आरोपी दीपक दोनों एक ही कॉलोनी के निवासी और पड़ोसी हैं। दोनों के बीच किसी भी प्रकार का पूर्व विवाद नहीं पाया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच में घटना के दौरान गोली चलने या किसी प्रकार की फायरिंग जैसी कोई बात सामने नहीं आई है।

### विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों पर बैठक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर स्थित प्रेमवती कुंजीलाल जैन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 12 फरवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बुलाई गई थी। इसमें सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और सहभागिता पर विस्तार से चर्चा हुई। तैयारियों का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जिला प्रचारक नेमपाल सिंह और भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें राहुल पंडित, आरएसएस से जुड़े गौरव, संजय और मनोज प्रधान तुगलपुर भी शामिल थे। सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के दौरान वक्ताओं ने विराट हिंदू सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य सर्व हिंदू समाज को एक मंच पर लाना है। सम्मेलन के माध्यम से समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### ग्रेटर नोएडा में युवक से मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक से रास्ता रोककर मारपीट की गई। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गांव बीरमपुर निवासी शिवा ठाकुर ने कोतवाली में शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात वह एक शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे। गांव भीकनपुर नहर के पास पहले से घात लगाए बैठे गांव बीरमपुर के मोहित, ललित, पवन और हरिओम ने उनका रास्ता रोक लिया। शिवा ठाकुर का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते चारों आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। इस मारपीट में शिवा को गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने उन्हें तत्काल ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी का दावा किया है। मामले की निष्पक्ष जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेटर नोएडा में ग्राम प्रधान पर केस दर्ज

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के राजपुर कलां गांव में ग्राम प्रधान और उसके भाई के खिलाफ पड़ोसी से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गुरुवार को दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी सतीश शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार रात वह अपने घेर में मिट्टी का भराव कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ग्राम प्रधान गौरव भाटी और उसका भाई सौरभ वहां पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने सतीश से उनका घेर किराए पर देने की बात कही। जब पीड़ित और उसके परिजनों ने घेर किराए पर देने से इनकार कर दिया, तो आरोपी भड़क गए। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद ग्राम प्रधान और उसके भाई ने उनके साथ गाली-गलौच की और मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान गौरव भाटी और उसके भाई सौरभ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### 1.90 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** कोर्ट के आदेश पर बीटा दो कोतवाली पुलिस ने मेसर्स अभिषेक इंटर प्राइजेज समेत दो लोगों के खिलाफ एसबीआई से धोखाधड़ी कर 1.90 करोड़ की ठगी का मामला दर्ज किया है। बैंक की शाखा प्रबंधक ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोर्ट से गुहार लगाई थी। जगतफार्म मार्केट में संचालित एसबीआई की शाखा प्रबंधक रिची अग्रवाल के अनुसार हरियाणा के पानीपत अंतर्गत गंगापुरी रोड निवासी मेसर्स अभिषेक इंटर प्राइजेज का कार्यालय अल्फा वन कार्यालय में है। अभिषेक और दिल्ली के रोहिणी निवासी नवनीत जैन ने उनकी बैंक शाखा में ऋण के लिए आवेदन किया था।इसमें रेडीमिक्स कांकरीट और मशीनरी आदि के लिए ऋण लेने की बात कही थी। आरोपियों ने 1.90 करोड़ रुपए ऋण के लिए आवेदन किया था। बैंक गारंटी के रूप में बंधक हाईपोथिटेक स्टक (बांड) के कागजात प्रस्तुत किए थे। काफी समय बाद भी आरोपियों ने न तो ब्याज जमा किया और न ही मूलराशि लौटाई। संपर्क करने पर आरोपी हाईपीथिकेट का विवरण उपलब्ध करा रहे हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने बैंक को नुकसान पहुंचाने की नीयत से धोखाधड़ी कर हाईपोथिटेक स्टक जानबूझ कर बेच दिए। परेशान पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कोर्ट में गुहार लगाई थी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया दोनों पर मामला दर्ज किया है।

# यूपी में लूट के 3-घंटे बाद दिल्ली का बदमाश ढेर

## 50 हजार इनामी, 90 मुकदमे; 4 महीने में 19वां एनकाउंटर

**शामली।** यूपी के शामली में दिल्ली का 50 हजार का इनामी बदमाश रिहान एनकाउंटर में मारा गया। मुठभेड़ से 3 घंटे पहले रिहान ने अपने साथी के साथ एक युवक से नकदी और मोबाइल फोन लूट लिए थे। इसके बाद पुलिस ने पूरे जिले में चेकिंग अभियान चलाया।

रात 12: 30 बजे दोनों बदमाशों को घेर लिया गया। पुलिस ने सरेंडर करने को कहा, लेकिन आरोपियों ने फायरिंग कर दी।

इसमें सिपाही सुमित को गोली लग गई। इसके बाद जवानों ने फायरिंग की। इस दौरान रिहान को गोली लग गई। वह जमीन पर गिर पड़ा। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।

एनकाउंटर के बाद पुलिस रिहान को अस्पताल लेकर आई। जहां उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह दिल्ली के जाकिर नगर, न्यू ओखला का रहने वाला था। उस पर 90 मुकदमे दर्ज थे। उसके पास से एक मेड इन इटली पिस्तौल, एक देसी पिस्तौल, आठ जिंदा कारतूस और सोने की अंगूठी मिली है। मुठभेड़ कोतवाली क्षेत्र के यमुना नहर के पास हुई।



### पुलिस ने बदमाश को रोका तो फायरिंग कर दी

एसपी एनपी सिंह ने बताया कि गुरुवार रात नौ बजे बाबरी क्षेत्र में रिहान ने अपने साथी के साथ लूट की थी। बदमाशों ने बाइक से जा रहे फतेहपुर निवासी राहुल को रोका। उससे नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया और इसके बाद फरार हो गए।

राहुल ने किसी तरह इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पूरे जिले की पुलिस को अलर्ट किया गया। जगह-जगह चेकिंग अभियान शुरू किया गया।

रात 12: 30 बजे कोतवाली पुलिस और आदर्श मंडी पुलिस पूर्वी यमुना नहर पर बदमाशों की तलाश कर रही थी, तभी दोनों बदमाश बाइक से आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं रुके, बल्कि यू-टर्न लेकर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इसमें सिपाही सुमित को गोली लग गई। इसके बाद जवानों ने फायरिंग की।

### 35 मिनट तक चली मुठभेड़

बदमाश रिहान गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। सिपाही और बदमाश को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने बदमाश को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस और बदमाशों के बीच करीब 30 से 35 मिनट तक मुठभेड़ चली। रिहान दिल्ली, यूपी और हरियाणा में महिलाओं से चेन लूटने की घटनाओं को अंजाम देता था। रिहान पर सबसे अधिक 49 मुकदमे दिल्ली में और गाजियाबाद में 28 मुकदमे दर्ज थे।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने किया जागरूक



**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 06.02.2026 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### सहारनपुर में महिला की बाथरूम में नहाते-नहाते मौत

सहारनपुर। यूपी के सहारनपुर में महिला की गीजर से निकलने वाली गैस से मौत हो गई। वह बाथरूम में नहाने गई थी। काफी देर तक बाहर नहीं आईं तो परिजनों को शक हुआ। कई बार आवाज दी। दरवाजा खटखटाने पर भी आहट नहीं हुई। कोई आवाज नहीं आने पर दरवाजा तोड़कर देखा तो वह बेहोश मिली। तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों को अंदेशा है कि गीजर से गैस लीक के बाद दम घुटने से महिला की मौत हुई है।

# प्रयागराज में होटल मालिक की बीच सड़क पर पिटाई

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक होटल मालिक की आधी रात सड़क पर बेरहमी से पिटाई कर दी गई। 4 लोगों ने पहले लात-घूंसे और थप्पड़ मारे। इसके बाद ईंट से हमला किया गया। साथ उनकी ढाई तोले की सोने की चेन भी छीन ली।

घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें बीच सड़क पर लोग पिटाई करते दिख रहे है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना खुल्दाबाद थाना क्षेत्र में रोडरेज की है।

घटना 3 फरवरी की रात की है। लूकरगंज निवासी सिद्धार्थ केसरवानी स्टेशन रोड के पास दो होटलों के मालिक हैं।

उन्होंने बताया कि 3 फरवरी की रात करीब 2 बजे होटल बंद कर कार से घर लौट रहे थे।

## शार्ट न्यूज


### अयोध्या : जानकी वार्ड में अतिक्रमण हटाया गया

**अयोध्या।** अयोध्या में एक बार फिर प्रशासन की ओर से बुलडोजर कार्रवाई की गई। आदर्श नगर पंचायत मां कामाख्या धाम के जानकी वार्ड में गाटा संख्या 1565 की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। यह भूमि नगर पंचायत के कॉम्प्लेक्स और दुकानों के निर्माण के लिए शासन स्तर से पहले ही स्वीकृत है, लेकिन अतिक्रमण के चलते निर्माण कार्य लंबे समय से बाधित चल रहा था। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी निखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन की कार्रवाई से जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया, लेकिन इसको लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। पूर्व प्रधान सैय्यद नफीसुल हसन 'आबिद' ने आरोप लगाया कि जिस जमीन पर बुलडोजर कार्रवाई की गई है, उसका मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है और 10 फरवरी को इसकी अगली सुनवाई प्रस्तावित थी। इसके बावजूद प्रशासन ने जबरन कार्रवाई करते हुए गरीबों की दुकानों पर बुलडोजर चलवा दिया, जो न्यायसंगत नहीं है।

### गर्लफ्रेंड से मिलकर युवक ने किया सुसाइड

**झांसी।** झांसी में गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप के बाद एक युवक ने शुक्रवार दोपहर सुसाइड कर लिया। युवक घर में अकेला था और उसने अपने एक दोस्त के जरिए गर्लफ्रेंड को आखिरी बार मिलने के लिए बुलाया था। मुलाकात के दौरान गर्लफ्रेंड ने आठ साल पुराने रिश्ते को खत्म करते हुए ब्रेकअप कर लिया। इसके बाद वह वहां से चली गई। हालांकि, जाते समय वह अपना पर्स युवक के घर पर ही भूल गई थी। कुछ देर बाद जब गर्लफ्रेंड पर्स लेने वापस लौटी, तो उसने युवक को घर के अंदर फंदे से लटका देखा। यह देखकर उसके होश उड़ गए। उसने तत्काल युवक को फंदे से उतारा और उसके दोस्त को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दोस्त ने एंबुलेंस बुलाकर युवक को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ागांव गेट बाहर का है।

### पत्नी को कैंसर, कारोबारी ने 5 लाख में हत्या करवाई




**हापुड़।** हापुड़ में एक कारोबारी ने 40 साल की पत्नी की 5 लाख में हत्या करवा दी। पत्नी को कैंसर था। कारोबारी इलाज नहीं करा रहा था। इसलिए घर में अक्सर विवाद होते थे। छुटकारा पाने के लिए कारोबारी ने अपने 2 कर्मचारियों को मर्डर के लिए तैयार किया। दोनों पर 60-60 हजार की देनदारी थी। उसे माफ कर दिया। हत्या के बदले 5 लाख रुपए देने का वादा भी किया। कारोबारी ने कर्मचारियों को एक कोड वर्ड- साड़ी के पैसे दिया था, ताकि किसी को उन पर शक न हो। मौका पाकर उसने घर बुला लिया। घर में घुसने के बाद कारोबारी ने कर्मचारियों के साथ मिलकर महिला पर हमला किया। कंबल से मुंह दबाकर गर्दन रेत दी। हत्याकांड को लूटपाट दिखाने के लिए घर का सामान बिखेर दिया। वारदात के बाद दोनों आरोपी चले गए। कारोबारी ने खुद ही पुलिस को सूचना देकर बुलाया। पूरा मामला थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के मोहम्मदपुर-रुस्तमपुर का है।

### नाबालिग को किडनैप कर रेप

मंदसौर। मंदसौर में सोशल मीडिया पर शुरू हुई दोस्ती एक नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म तक पहुंच गई। दलौदा थाना क्षेत्र से 26 जनवरी को लापता हुई 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा को पुलिस ने 11 दिन बाद उत्तरप्रदेश के ग्रेटर नोएडा से सुरक्षित बरामद कर लिया है। मामले में मेरठ निवासी युवक मोहम्मद शकील को गिरफ्तार किया गया है। करीब एक साल से आरोपी और नाबालिग के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट के जरिए बातचीत हो रही थी। नाबालिग के पास मोबाइल फोन नहीं था और वह टैबलेट के माध्यम से आरोपी से संपर्क में थी। पुलिस के अनुसार, लगातार बातचीत के दौरान आरोपी ने भरोसा जीतकर शादी का झांसा दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी मेरठ से मंदसौर आया और 26 जनवरी को नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के लापता होने पर परिजनों ने दलौदा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और सोशल मीडिया इनपुट के आधार पर पुलिस ने 11 दिन बाद ग्रेटर नोएडा से नाबालिग को बरामद किया।

### मेरठ में दिनदहाड़े दो युवकों को मारी गोली

**मेरठ।** मेरठ में पुरानी रंजिश के चलते शुक्रवार शाम 4 बजे दो युवकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इसमें असलम और शुऐब नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना नौचंदी थाना क्षेत्र के जैदी फार्म इलाके की है। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब चार बजे असलम और शोएब गली नंबर एक के बाहर खड़े थे। इसी दौरान तीन युवक बाइक पर सवार होकर पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। हमले का मुख्य निशाना असलम था, लेकिन पास में खड़ा शोएब भी गोली लगने से घायल हो गया। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। फायरिंग में असलम के सिर और कंधे में तीन गोलियां लगीं, जबकि शुऐब के बाजू में एक गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। साथ ही, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। चश्मदीदों ने बताया जा रहा है कि बदमाशों ने तकरीबन सात राउंड फायरिंग की।

## प्री प्राईमरी से इण्टरमीडिएट तक के बच्चों को एक ही विद्यालय में मिलेगी उच्च शिक्षा: डीएम



**ललितपुर।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा की उपलब्धता के लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मई 2025 में जनपद को मॉडल कम्पोजित विद्यालय की सौगात दी थी, जिसमें प्री प्राईमरी से लेकर इण्टरमीडिएट के बच्चें एक ही विद्यालय में रहकर शिक्षा ले सकेंगे, जिसके क्रम में जनपद के ग्राम रोड़ा में कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है और लगभग 35 प्रतिशत पूर्ण भी हो चुका है, इसी के क्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आवास विकास के अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को कार्य की प्रगति बढ़ाते हुए कार्य गुणवत्ता पूर्वक समयान्तर्गत पूर्ण कराने तथा समय-समय पर कार्य की थर्ड पार्टी जांच कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# रिश्तों की मर्यादा तार-तार, दियोरिया की घटना ने झकझोर दिया समाज

## ढाई वर्षीय मासूम से दुष्कर्म, सामाजिक भय में आरोपी चचेरे चाचा ने की आत्महत्या

**पीलीभीत।** दियोरिया क्षेत्र में सामने आई अमानवीय और शर्मनाक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। रिश्तों की पवित्रता को कलंकित करने वाली इस जघन्य वारदात के बाद गांव में मातम और आक्रोश का माहौल है। एक ओर ढाई वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है, तो दूसरी ओर घटना की चर्चा फैलते ही सामाजिक बदनामी और भय के साये में आरोपी चचेरे चाचा ने आत्महत्या कर ली।

आंगन से दरिंदगी तक पुलिस के अनुसार, दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार शाम करीब सात से साढ़े सात बजे के बीच मासूम बच्ची अपने घर के आंगन में खेल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसका चचेरा चाचा उसे बहाने से आवाज देकर अपने घर की छत पर बने टिनशेड के पास ले गया। वहां उसने ढाई वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। बच्ची के चीखने-चिल्लाने पर आरोपी उसे घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया।

बच्ची के रोने की आवाज सुनकर परिजन छत पर पहुंचे, जहां मासूम ने रोते हुए अपने चाचा की करतूत की जानकारी दी। यह सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और घटना की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। रिश्तों की आड़ में की गई इस दरिंदगी से हर कोई सन्न रह गया।

### सामाजिक बदनामी का भय बना मौत की वजह

बताया जाता है कि दुष्कर्म की घटना के लगभग एक घंटे बाद, जब मामला लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया और आरोपी को सामाजिक अपमान व बदनामी का भय सताने लगा, तो उसने अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे में शव मिलने की सूचना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इधर, घटना के बाद मासूम बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। पहले उसे दियोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में बच्ची का इलाज जारी है। परिजन गहरे सदमे और आक्रोश में हैं, उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना की सूचना पर सीओ प्रगति सिंह गांव पहुंचीं, जबकि अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने जिला अस्पताल जाकर बच्ची का हाल जाना। थाना प्रभारी गौतम सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। बताया जा रहा है कि मृतक आरोपी और पीड़ित बच्ची के घर आसपास ही स्थित हैं।

# बीसलपुर में वोट कटौती के आरोपों पर सपा ने मचाया बवाल

## दिव्या गंगवार के नेतृत्व में एसडीएम का घेराव, फर्जी फॉर्म जलाकर किया जोरदार विरोध

**पीलीभीत।** बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र-130 में कथित तौर पर सैकड़ों मतदाताओं के वोट काटे जाने की साजिश के आरोपों ने शुक्रवार को राजनीतिक हलचल तेज कर दी। सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं विधानसभा-130 की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचकर एसडीएम नागेंद्र पांडे की गाड़ी का घेराव किया और फर्जी बताए जा रहे फॉर्म-7 को फाड़कर जला दिया। पूरा घटनाक्रम तहसील परिसर और शहर में चर्चा का विषय बना रहा।



### फर्जी फॉर्म-7 भरवाकर चुनाव प्रभावित करने का आरोप

दिव्या गंगवार का कहना है कि उन्हें विशेष सूत्रों से जानकारी मिली थी कि चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से कुछ लोग फर्जी फॉर्म-7 भरवाकर मतदाताओं के नाम कटवाने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि इस प्रक्रिया में मुस्लिम समाज के सैकड़ों मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा था। सूचना मिलते ही उन्होंने साक्ष्य जुटाए और समर्थकों के साथ तहसील पहुंचीं। तहसील मुख्यालय पर दिव्या गंगवार ने एसडीएम से संतोषजनक वार्ता कर फर्जी फॉर्म जमा कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि एसडीएम मौके पर मौजूद होने के बावजूद वाहन से नीचे नहीं उतरे और ठोस जवाब नहीं दिया। इससे आक्रोशित होकर दिव्या गंगवार ने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील गेट पर एसडीएम की गाड़ी का घेराव कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विरोध के दौरान कई बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) भी मौके पर पहुंचे। बूथ संख्या 24, 394, 392, 414, 380, 389, 390, 406 और 486 से जुड़े बीएलओ ने आरोप लगाया कि उनके पास फर्जी तरीके से फॉर्म जमा कराए गए और कुछ राजनीतिक पदाधिकारियों द्वारा दबाव बनाया गया कि नौकरी बचानी है तो वोट काटने होंगे। बीएलओ का कहना है कि उन्होंने जीवित मतदाताओं के वोट काटने से साफ इनकार किया, जिसके बाद उनकी नौकरी को लेकर दबाव और भय का माहौल बनाया गया। आरोप है कि बीएलओ ने एसडीएम के सामने ही फॉर्म फाड़कर फेंक दिए।

# एसपी मो0 मुश्ताक़ ने परेड की ली सलामी, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** पुलिस लाइन के मैदान में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एसपी ने परेड की सलामी ली। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं जैसे शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण किया गया। निरीक्षण को दौरान वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई।

# जिलाधिकारी की नियमित जनसुनवाई में दूरदराज से आये फरियादियों को मिल रहा त्वरित न्याय

### जिलाधिकारी ने शुरु की अभिनव पहल, जनजाति वाहुल्य ग्रामों में लोगों के जन्म प्रमाण पत्र जारी करने हेतु लगाये जायेंगे कैम्प

**ललितपुर।** सरकार की अन्त्योदय की भावना को साकार रुप देते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश नियमित अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई कर प्रभावी रुप से समस्याओं का निस्तारण करा रहे हैं और साथ ही जरुरतमंदों को सरकारी योजनाओं का भी लाभ दिला रहे है।

इसी के क्रम में उन्होंने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई के दौरान फरियादियों को सुना और पूरी संवेदनशीलता के साथ सम्बंधित अधिकारियों से दूरभाष पर निर्देशित कर समस्याओं का निस्तारण कराया।



इसी दौरान जिलाधिकारी ने अभिनव शुरु पहल करते हुए जिले के जनजाति बाहुल्य ग्राम मादौन, कपासी, धौजरी, धौर्रा, पिपरई व भाटौन में ग्रामीणों के जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु आगामी बुधवार को कैम्प आयोजित कराने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र बन जाने से इन ग्रामीणों का आधार कार्ड भी बन सकेगा और सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। इसी प्रकार उन्होंने जल जीवन मिशन अन्तर्गत खोदी गई सड़कों की मरम्मत के लिए नगर पालिका, जल निगम और जल संस्थान के अधिकारियों को रोडवाइज सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, ताकि विभागवार सड़कों का आवंटन कर त्वरित गति से उनकी मरम्मत करायी जा सके।

### कार उछलकर नहर में गिरी, भाइयों समेत 3 की मौत

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में नहर में कार डूबने से दो भाइयों समेत तीन युवकों की मौत हो गई। स्विफ्ट कार में कुल 4 लोग सवार थे। इनमें 3 परिवार के लोगों के अलावा एक ड्राइवर था। कार जैसे ही सड़क से उछलकर रामगंगा नहर में गिरी। राहगीरों ने दौड़ते हुए नहर में छलांग लगा दी। घायलों को शीशा तोड़ने के बाद एक-एक कर बाहर निकाला। हादसा रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के उड़िया गांव के पास करीब 3: 30 बजे हुआ है। घायल युवक का हैलट अस्पताल में इलाज चल रहा है। कार सवार परिवार गोंडा का रहने वाला था। जो कि मुंडन संस्कार में शामिल होने आया था। गोंडा के रहने वाले टेंट कारोबारी राकेश श्रीवास्तव (54), बेटे अभिषेक (26) व भाई राधेश (42) के साथ कानपुर देहात के रसूलाबाद आए थे। यहां अकोढ़िया में उनके रिश्तेदार दिलीप श्रीवास्तव रहते हैं जिनके बेटे का शुक्रवार को मुंडन था।

## डीएम, एसपी ने आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए आयोजकों व सभ्रान्त नागरिकों के साथ की बैठक

# सभी जनपदवासी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे से मनायें त्यौहार

**ललितपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने आगामी माहों में पड़ने वाले विभिन्न त्यौहारों यथा दिनाँक 15 फरवरी को महाशिवरात्रि, 02 मार्च को होलिका दहन, 21 मार्च को ईद उल फितर आदि त्यौहार पर शॉन्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की और त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद ललितपुर बहुत शान्तिप्रिय है, यहां के लोग आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाते आये हैं, आगामी त्यौहारों को भी आपसी सामन्जस्य के साथ मनायेंगे। उन्होंने उप जिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं आयोजन स्थलों पर निरंतर निगरानी करेंगे, आयोजन समितियों के सम्पर्क में रहेंगे, उनके मोबाइल नम्बरों की सूची अपने पास रखेंगे। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान कोई भी नई परम्परा शुरू नहीं की जाएगी, पूर्व की भांति निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार आयोजन किये जायेंगे।




उन्होंने उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, ईओ, डीपीआरओ, विद्युत, जल निगम, जल संस्थान सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम बनाकर आयोजन स्थलों का भ्रमण कर लें और व्यवस्थाएं दुरुस्त करा लें। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान जनपद में साफ-सफाई एवं निर्बाध रुप से पेयजल व विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। शिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिरों के आस-पास, मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, चूना आदि डलवाया जाये एवं सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। आवारा पशुओं के विवरण पर रोक लगायी जाये, इसके लिए पशुपालकों को नोटिस दिये जायें। जिलाधिकारी ने त्यौहारों की श्रंखला के दौरान शहर की सभी स्ट्रीट लाइटों, सीसीटीवी कैमरों को ठीक कराया जाए, शहर के सभी आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई, चूना, रंगोली आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आयोजक समितियों से अपील की कि आयोजन स्थलों पर वॉलेन्टियर तैनात करें, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से बचें। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जो सुझाव समिति के समक्ष प्रस्तुत किये हैं,उन सभी पर अभी से कार्य शुरु कर दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्यौहार से पूर्व उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने का प्रयास करें, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने की संभावना न रहे। सभी आयोजक समितियां आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें, साथ ही वॉलेंटियर्स के माध्यम से वीडियोग्राफी भी करवायें। यदि कोई संदिग्ध दिखाई दे तो तत्काल जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प पर हमले की कोशिश करने वाले शख्स को उम्रकैद

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश के मामले में दोषी ठहराए गए रयान राउथ को फेडरल कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, सजा बुधवार (स्थानीय समय) को सुनाई गई। यह घटना 15 सितंबर 2024 को हुई थी, जब ट्रम्प राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार कर रहे थे। राउथ एके-47 जैसी सोवियत शैली की राइफल और बॉडी आर्मर के साथ ट्रम्प के गोल्फ कोर्स के पास झाड़ी में पास छिपा था। एक सीक्रेट सर्विस एजेंट ने राइफल की नली और आरोपी का चेहरा देखा और गोली चलाई, जिसके बाद राउथ मौके से भाग गया। बाद में उसकी गाड़ी की नंबर प्लेट के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। अदालत ने रयान राउथ को सितंबर 2024 में पांच आरोपों में दोषी ठहराया था। इनमें घटना के समय राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रम्प की हत्या की कोशिश का मामला भी शामिल है। यह फैसला अमेरिकी जिला जज एलीन कैनन ने सुनाया। अदालत की कार्यवाही के दौरान जज कैनन ने कहा कि आरोपी ने रयान का इरादा साफ तौर पर ट्रम्प की हत्या करना था और अपने मंसूबे को अंजाम देने के बेहद करीब पहुंच गया था। उम्रकैद के अलावा राउथ को कई अन्य सजाएं भी दी गईं, जो साथ-साथ चलेंगी। इनमें हिंसक अपराध के दौरान हथियार रखने पर 84 महीने, एक फेडरल अधिकारी पर हमला करने के लिए 240 महीने, सजायाफ्ता अपराधी होने के बावजूद हथियार रखने पर 18 महीने और सीरियल नंबर मिटे हथियार के कब्जे के लिए 60 महीने की सजा शामिल है।

### जमात-ए-इस्लामी के बदले तेवर, चुनावी घोषणापत्र में भारत से अच्छे रिश्तों का वादा

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में इसी महीने 12 फरवरी को चुनाव हैं। ऐसे में देश के अंदर प्रमुख राजनीतिक दल जमात-ए इस्लामी एक अहम ताकत के रूप में उभरती नजर आ रही है। भारत विरोधी गुट के रूप में पहचान जाने वाले जमात ने अपना बुधवार (04 फरवरी) को घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें उन्होंने भारत के साथ अच्छे रिश्तों पर जोर दिया। बांग्लादेश की प्रमुख इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी ने चुनावों से पहले 41 सूत्रीय घोषणापत्र जारी किया, जिसमें न्याय और आर्थिक क्षेत्रों में सुधारों के साथ-साथ मंत्रिमंडल में महिलाओं को शामिल करने का वादा किया गया है। जमात के प्रमुख शफीकुर रहमान ने घोषणापत्र जारी किया, जिसमें पार्टी के सत्ता में आने पर 'राजकब्जा में पर्याप्त संख्या में महिलाओं को शामिल करने' का वादा किया गया।, हालांकि पार्टी ने कोई भी महिला उम्मीदवार को चुनावी मैदान में नहीं उतार है। इस्लामिक कंजर्वेटिव पार्टी जमात-ए-इस्लामी ने अपने घोषणापत्र में भारत सहित पड़ोसी देशों के साथ रचनात्मक और सहयोगात्मक रिश्ते बनाए रखने का वादा किया है। पार्टी के बयान के अनुसार ये संबंध आपसी सम्मान और निष्पक्षता के आधारित होंगे। घोषणापत्र में दावा किया गया कि भारत, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, म्यांमार, मालदीव और थाइलैंड के साथ शांतिपूर्ण, मित्रतापूर्ण और सहयोगी संबंध स्थापित किए जाएंगे। पार्टी ने जोर दिया कि क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि के लिए पड़ोसियों के साथ संवाद और सहयोग को प्राथमिकता दी जाएगी।

### ईरानी ड्रोन से रूस की ताकत में इजाफा, यूक्रेन की बढ़ी चिंता

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन में जमीनी मोर्चे पर लंबी और थकाऊ जंग के बीच रूस अब आसमान में बढ़त बनाने की रणनीति पर तेजी से काम कर रहा है। इस रणनीति की धुरी हैं लंबी दूरी तक मार करने वाले, कम लागत वाले और लगातार उन्नत हो रहे ड्रोन जिनके विकास, डिजाइन और उत्पादन में ईरान की निर्णायक भूमिका सामने आ रही है। यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों के अनुसार ईरानी तकनीकी सहयोग के दम पर रूस जल्द ही प्रतिदिन करीब 1,000 ड्रोन बनाने की क्षमता हासिल कर सकता है। इससे युद्ध का संतुलन और अधिक जटिल होता जा रहा है। अमेरिकी अकादमिक न्यूज प्लेटफॉर्म द कन्वर्सेशन और अल जजीरा की रिपोर्ट्स के अनुसार जनवरी की शुरुआत में यूक्रेन में गिरे एक ड्रोन के मलबे ने संकेत दिया कि रूस युद्ध में एक नए, तेज गति वाले ड्रोन मॉडल को उतार चुका है। यूक्रेनी खुफिया आकलन के मुताबिक रूस भी जल्द इसी स्तर का उत्पादन हासिल कर सकता है, जिसमें ईरान का तकनीकी सहयोग केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। यूक्रेन की मुख्य चिंता रूस द्वारा लंबी दूरी के अटैक ड्रोन के बढ़ते उत्पादन को लेकर है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार फरवरी 2022 में संघर्ष शुरू होने के समय रूस बड़ी संख्या में कामिकाजे ड्रोन बनाने में सक्षम नहीं था। उसकी सैन्य सोच पारंपरिक हथियारों और मिसाइलों पर केंद्रित थी, जबकि ड्रोन को मुख्य रूप से निगरानी, टोही और खुफिया कार्यों तक सीमित माना गया। निर्णायक मोड़ तब आया जब मॉस्को ने समझा कि लंबी दूरी के स्ट्राइक ड्रोन युद्ध की दिशा बदल सकते हैं।

# समंदर में 4 घंटे तैरता रहा 13 साल का बच्चाःमां और भाई-बहन की जान बचाई

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में 13 साल के एक बच्चे ऑस्टिन एपलबी ने समुद्र में करीब 4 घंटे तैरकर अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। वह परिवार के साथ समुद्र में गया था। अचानक लहरें तेज हो गईं। बोट पलटने से सभी बहते हुए समुद्र में 14 किमी दूर निकल गए थे। द गॉर्जियन के मुताबिक, जोआन एपलबे अपने बच्चों ऑस्टिन, ब्यू और ग्रेस के साथ पर्थ से करीब 200 किलोमीटर दूर क्विंडलप में छुट्टियां मना रही थीं। शुक्रवार दोपहर वे समुद्र के किनारे पैडलबोर्ड के साथ पानी में खेल रहे थे। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बच्चे थोड़ा दूर चले गए और तभी तेज हवा चलने लगी। हवा के कारण उनके चप्पू गिर गए और वे सभी धीरे-धीरे समुद्र में बहने लगे। हालात बहुत जल्दी खराब हो गए। जोआन को लगा कि अब किसी को मदद लाने के लिए किनारे जाना होगा। उन्होंने अपने 13 साल के बेटे ऑस्टिन को चुना, क्योंकि उन्हें लगा वही सबसे मजबूत है।

**किनारे पर पहुंचते ही ऑस्टिन ने 2 किमी दौड़ लगाई :** ऑस्टिन समुद्र में तैरकर मदद लाने निकल पड़ा। उसने अपनी लाइफ जैकेट भी उतार दी क्योंकि वह मदद नहीं कर रही थी। अगले दो घंटे तक वे डर के बावजूद प्रार्थना करते रहे, गाने गुनगुनाते रहे और अच्छी बातें सोचते रहे। ऑस्टिन ने कहा कि वे अपनी मां, भाई, बहन, दोस्तों और अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में सोच रहे थे।

**तूफान में बोट पलटने से 14किमी दूर बहा परिवार**



जब उनके पैर जमीन से टकराए, तो उन्हें यकीन नहीं हुआ कि वे किनारे पहुंच गए हैं। लेकिन तभी उन्हें याद आया कि उनका परिवार अभी भी समुद्र में हो सकता है। शाम करीब छह बजे वे किनारे पहुंचे और 2 किमी दौड़कर अपनी मां के बैग तक पहुंचे वहां, उसने फोन मिलने पर रेस्क्यू टीम से मदद मांगी। इसके बाद पुलिस ने बड़े स्तर पर तलाश शुरू की। फोन करने के बाद वह थकान से बेहोश हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। उस समय उसे नहीं पता था कि उसकी मां और भाई-बहन जिंदा हैं या नहीं।

**मां को लगा की ऑस्टिन नहीं बचा :** वहीं दूसरी तरफ ऑस्टिन के परिवार को लगा कि किनारा ज्यादा दूर नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे ऑस्टिन आगे बढ़ता गया, मां और बाकी बच्चे और दूर समुद्र में बहते चले गए। कुछ ही देर में वे ऑस्टिन को देख भी नहीं पा रहे थे। अंधेरा हो गया और लहरें तेज होती चली गईं। मां और बच्चे लाइफ जैकेट पहने पैडलबोर्ड को पकड़कर किसी तरह खुद को संभाले हुए थे। जोआन को लगने लगा कि शायद ऑस्टिन समय पर नहीं पहुंच पाएगा। समुद्र में मां और बच्चे अंधेरे, ठंड और ऊंची लहरों के बीच फंसे हुए थे। जोआन ने बताया कि उन्हें लगने लगा था कि ऑस्टिन शायद नहीं बचा और अब कोई मदद नहीं आने वाली है।

**रेस्क्यू से पहले बच्चे पानी में गिर गए थे :** काफी देर बाद बचाव दल ने परिवार को समुद्र में करीब 14 किलोमीटर दूर ढूंढ लिया। उस समय एक बड़ी लहर में बच्चे पानी में गिर गए थे। जोआन ने ग्रेस की चीख सुनी, लेकिन ब्यू की आवाज नहीं आ रही थी। बाद में बचावकर्मियों ने उसे भी ढूंढ लिया। अस्पताल में उन्होंने अपने पिता को फोन किया और रोते हुए बात की। उन्हें तब तक नहीं पता था कि उनकी मां और भाई-बहन जिंदा हैं या नहीं। जब ऑस्टिन को बताया गया कि उसकी मां और भाई-बहन सुरक्षित मिल गए हैं, तो वहां मौजूद डॉक्टर और पुलिस खुशी से झूम उठे। ऑस्टिन ने कहा कि वह खुद को हीरो नहीं मानता और उसने बस वही किया जो करना जरूरी था। पुलिस ने कहा कि इस 13 साल के बच्चे की हिम्मत और हौसले की वजह से उसकी मां और भाई-बहनों की जान बच सकी।

**पुलिस बोली- समुद्र का मिजाज बहुत तेजी से बदलता है :** पुलिस अधिकारी जेम्स ब्रैडली ने कहा कि यह घटना बताती है कि समुद्र का मिजाज कितनी जल्दी बदल सकता है। उन्होंने बताया कि मां और दोनों बच्चे लाइफ जैकेट पहने हुए थे, जिसकी वजह से वे जिंदा बच पाए। पुलिस के मुताबिक, सभी को पहले पैरामेडिक्स ने जांच की और फिर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। बाद में परिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## अमेरिकी कोर्ट का फैसला, ओरेगन में बिना वारंट अप्रवासी को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे आईसीई एजेंट

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में एक फेडरल जज ने बुधवार को अहम फैसला सुनाया। उन्होंने कहा, ओरेगन में अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंटों को बिना वारंट के अप्रवासी लोगों को गिरफ्तार करना बंद करना होगा, जब तक कि उनके भागने की संभावना न हो।

**कोर्ट ने लगाई रोक :** अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज मुस्तफा कसुभाई ने इस मामले में शुरुआती रोक लगा दी है। यह फैसला एक प्रस्तावित क्लास-एक्शन मुकदमे के बाद आया है। यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के उस तरीके के खिलाफ था, जिसमें वे अप्रवासी को देखते ही पकड़ लेते थे। आलोचकों ने इसे 'पहले गिरफ्तार करो, बाद में सही ठहराओ' वाली नीति बताया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बड़े पैमाने पर लोगों को देश से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच इमिग्रेशन एजेंट बिना कोर्ट वारंट के निजी घरों में घुस रहे हैं। इन कार्रवाइयों ने देश भर के नागरिक अधिकार समूहों की चिंता बढ़ा दी है।

**बिना वारंट के गिरफ्तारी नहीं :** पिछले हफ्ते इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) के एक्टिंग हेड टॉड लियोन्स ने इस बात पर जोर दिया गया था कि एजेंटों को अपने अधिकारियों से जारी वारंट के बिना गिरफ्तारी



नहीं करनी चाहिए, जब तक कि व्यक्ति के भागने का ठोस कारण न हो। इस मामले में जज के सामने सबूत पेश किए गए कि ओरेगन में एजेंटों ने छापों के दौरान बिना वारंट या बिना जांच किए लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक वादी, विक्टर क्रूज गेमज की गवाही भी शामिल है।

विक्टर 56 साल के हैं और 1999 से अमेरिका में रह रहे हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि उनके पास काम करने का वैध परमिट था और वीजा की अर्जी भी पेंडिंग थी। इसके बावजूद उन्हें गिरफ्तार किया गया और तीन हफ्ते तक हिरासत केंद्र में रखा गया।

**कोर्ट ने एजेंटों की हरकतों को बताया हिंसक और क्रूर :** जज कसुभाई ने कहा कि ओरेगन में एजेंटों की हरकतें हिंसक और क्रूर रही हैं। उन्होंने बताया कि सिविल इमिग्रेशन उल्लंघन के लिए लोगों को हिरासत में लेते समय उन पर बंदूकें तानी गईं, जोकि गलत है। साथ ही जज ने चिंता जताई कि प्रशासन इमिग्रेशन छापों में पकड़े गए लोगों को उचित कानूनी प्रक्रिया से वंचित कर रहा है।

## रूस गैरकानूनी तरीके से पावर ग्रिड को बना रहा निशाना', यूक्रेन का मॉस्को पर आरोप

**कीव, एजेंसी।** हाल के दिनों में रूस ने यूक्रेन के उर्जा ठिकानों पर हमले किए हैं। जिसके बाद यूक्रेन ने भी आरोप लगाया है कि रूसी मिसाइलें और ड्रोन गैरकानूनी तरीके से उनके उर्जा ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। यूक्रेन का आरोप है कि उनके ऊर्जा ठिकानों, पावर ग्रिड पर हमले के चलते देश की अब तक की सबसे ठंडी सर्दियों में से एक में लोग अंधेरे और ठंड में रहने को मजबूर हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा, 'सर्दियों के सबसे ठंडे दिनों का फायदा उठाकर लोगों को डराना रूस के लिए कूटनीति से ज्यादा जरूरी है।' वहीं रूस का कहना है कि उसके हमले सैन्य अभियान का एक वैध हिस्सा हैं। तो क्या युद्ध के दौरान ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले की अनुमति है? आइए जानते हैं क्या कहता है सिएरा लियोन के लिए संयुक्त राष्ट्र विशेष न्यायालय के पूर्व मुख्य अभियोजक डेविड क्रेन ने बताया कि युद्ध के दौरान पक्ष कानूनी रूप से पावर ग्रिड को निशाना बना सकते हैं, लेकिन हमला सीधे तौर पर एक वैध सैन्य लक्ष्य को प्रभावित करने वाला



होना चाहिए और इसमें ज्यादा नागरिक हताहत नहीं होने चाहिए।

**रूस ने कानून के उल्लंघन की बात नकारी :** रूसी सेना ने बार-बार कहा है कि उसने एनर्जी सुविधाओं और दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया है जो यूक्रेनी सैन्य उद्योग और सशस्त्र बलों को समर्थन करते हैं। साथ ही रूस ने रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने से इनकार किया है। रूस ने कहा, 'हमारी सेना उन ठिकानों पर हमला कर रही है, जो यूक्रेन सरकार के सैन्य परिसरों से जुड़े हैं, ऑपरेशन जारी है।' वहीं कीव का आरोप है कि रूस अंधेरे, ठंडे घरों में रहने को मजबूर आम नागरिकों पर भारी मुश्किलों का बोझ डालकर यूक्रेनियन लोगों का लड़ने का हौसला तोड़ना चाहता है।

## अमेरिकी कानून का सामना कर रहे मादुरो की बढ़ी मुश्किलें

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अर्जेंटीना के एक जज ने बुधवार को अमेरिका से वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सौंपने की औपचारिक मांग की है। फिलहाल वह न्यूयॉर्क की एक जेल में बंद हैं और उन पर नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना ने एक विशेष ऑपरेशन में पिछले महीने मादुरो को पकड़ा था।

**मादुरो पर लगे हैं कई गंभीर आरोप :** मामले में अर्जेंटीना के संघीय जज ने एक वारंट पर हस्ताक्षर किए हैं। इस काराकास में मादुरो पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने शासन के दौरान प्रदर्शनकारियों और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ हिंसा करवाई। इसमें लोगों को प्रताड़ित करना और जबरन गायब करना शामिल है।

**मामलों में नागरिकों को बनाया गया है वादी :** इस



मामलों में उन वेनेजुएला के नागरिकों को वादी बनाया गया है जिन्होंने सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंटों के हाथों भयानक यातनाएं झेली हैं। यह कानूनी लड़ाई साल 2023 में ब्यूनस आयर्स में मानवाधिकार संगठनों ने शुरू की थी। यहां की अदालतें पहले भी देश के बाहर मानवाधिकार हनन के मामलों की जांच करती रही हैं। तीन जनवरी को अमेरिकी सेना ने मादुरो को सत्ता से हटाया था, जिसके बाद अर्जेंटीना के सरकारी वकीलों ने जज रामोस से इस प्रत्यर्पण अनुरोध को आगे बढ़ाने का आग्रह किया था।

**अमेरिका में इस मामले में चल रहा केस :** अर्जेंटीना ने 1997 की प्रत्यर्पण संधि का हवाला देते हुए यह मांग की है। हालांकि, इसकी संभावना कम है कि ट्रंप प्रशासन इस पर तुरंत अमल करेगा। इसका मुख्य कारण अमेरिका में मादुरो पर चल रहा मुकदमा है। मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोर्स अभी ब्रुकलिन की जेल में हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने 25 वर्षों तक ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में हजारों टन ड्रग भेजने में मदद की।

**क्या है राजनीतिक समीकरण :** राजनीतिक समीकरणों की बात करें तो अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली खुद को डोनाल्ड ट्रंप का करीबी सहयोगी मानते हैं और उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी का स्वागत किया था। मानवाधिकार संगठनों ने इस प्रत्यर्पण अनुरोध को ऐतिहासिक बताया है। 'अर्जेंटीना फोरम फॉर द डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसी' ने कहा कि यह उन पीड़ितों की जीत है जिन्होंने ताकतवर लोगों के खिलाफ बोलने की हिम्मत दिखाई। अब अर्जेंटीना का विदेश मंत्रालय यह आधिकारिक अनुरोध वाशिंगटन डीसी भेजेगा, जहां अमेरिकी कानूनी विभाग इस पर विचार करेगा।

## अमेरिका में टैक्सी चलाने को मजबूर पाकिस्तान के पूर्व डिप्टी स्पीकर कासिम खान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तान नेशनल असेंबली के पूर्व डिप्टी स्पीकर कासिम खान सूरी इन दिनों गुजर-बसर करने के लिए अमेरिका में टैक्सी चलाने को मजबूर हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अमेरिका द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सरकार द्वारा उनकी संपत्ति और बैंक खाते जब्त किए जाने के बाद वह अब अमेरिका में ड्राइविंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां ड्राइवर के रूप में काम करते हुए मुझे वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन ईमानदारी से जीविका कमाने पर मुझे गर्व है।

जारी वीडियो में बताया गया है कि कासिम खान सूरी को पाकिस्तान के पूर्व



प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थन करने के कारण दजर्नों फर्जी मामलों में फंसा दिया गया। उनकी संपत्ति और बैंक खातों की जब्ती कर ली गई। साथ ही पाकिस्तान से जबरन खदेड़ दिया गया।

**लोगों के लिए खड़े होने पर कीमत चुकाई :** कासिम खान ने कहा कि यह वह कीमत है जो कई लोगों ने केवल इमरान खान के साथ लोकतंत्र, कानून के शासन और पाकिस्तान के लोगों के सम्मान के लिए खड़े होने के कारण चुकाई है। सूरी ने इमरान खान के खिलाफ चल रहे फर्जी अदालती मामलों पर चिंता जताई।

सूरी ने आगे कहा कि मौजूदा पाकिस्तानी सरकार का अन्याय और कुकर्म सबके सामने है। उन्होंने बताया कि सभी पाकिस्तानी इस अन्याय के शिकार हैं। उन्होंने कहा कि देश में लोगों को जबरिया झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है।

**सादगी और गरिमामय तरीके से जिया जीवन :** पुराने वक्त को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय उन्होंने इस्लामाबाद में कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीडीए) में एक महत्वपूर्ण पद संभाला था लेकिन इससे कभी कोई निजी संपत्ति अर्जित नहीं की। उन्होंने कहा मैंने अपना जीवन गरिमा और सादगी से जिया। सूरी ने बताया कि वर्ष 2018 से पहले वह क्वेटा स्थित अपने घर पर इमरान खान और आरिफ अल्वी जैसे वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियों की मेजबानी करने में सक्षम थे।

सूरी ने 15 अगस्त 2018 से 16 अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान की राष्ट्रीय सभा के 19वें उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह अगस्त 2018 से जनवरी 2023 तक पाकिस्तान की राष्ट्रीय सभा के सदस्य भी रहे थे। उन्होंने 2022 में पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के उप-अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

## इमरान खान के बेटे को पाकिस्तान आने ही नहीं दे रही शरीफ सरकार



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में बीते 2 साल से भी ज्यादा समय से जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों ने शहबाज शरीफ सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इमरान खान के बेटे कासिम ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी अधिकारी जानबूझकर उनके और उनके भाई के वीजा प्रोसेस में देरी कर रहे हैं ताकि वे पाकिस्तान ना आ पाएं। कासिम के आरोप हैं कि उन्हें अपने पिता से मिलने नहीं दिया जा रहा है। इससे पहले इमरान खान के स्वास्थ्य में तेजी से गिरावट की खबरें सामने आई थीं।

बता दें कि कासिम और उनके बड़े भाई सुलेमान फिलहाल अपनी मां जेमिमा गोल्डस्मिथ के साथ लंदन में रहते हैं। बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, कासिम ने अपनी व्यथा सुनाई। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'मैं और मेरा भाई अपने पिता से मिलने के लिए पाकिस्तान जाने की कोशिश कर रहे हैं। 914 दिनों से उन्हें एकांत कारावास में रखा गया है, जबकि उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। उन्हें सही चिकित्सा देखभाल से भी वंचित किया जा रहा है।

कासिम ने कहा है कि सरकार जानबूझकर उनके वीजा को प्रोसेस नहीं कर रही है। उन्होंने लिखा, 'एक कैदी को इलाज से वंचित करना क्रूरता है। बच्चों को अपने पिता से मिलने के अधिकार से वंचित करना सजा है।' कासिम ने अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की अपील करते हुए लिखा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों और सरकारों से अपील करता हूं कि इससे पहले कि बहुत बड़ा नुकसान हो जाएं, आवाज उठाएं और कार्रवाई करें।'

**इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की खबरें :** डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक बीते दिनों इमरान खान की सेहत बिगड़ने के बाद उन्हें पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ले जाया गया था। इसके बाद उनकी पार्टी क्क्षढ्ढ ने गुपचुप तरीके से इमरान खान को क्क्षस्न में ट्रांसफर करने की कड़ी निंदा की थी।

पार्टी ने अधिकारियों पर उनके परिवार और पार्टी को सूचित ना करने और उन्हें निजी डॉक्टरों तक पहुंच से वंचित करने का आरोप लगाया। इस बीच नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता महमूद खान अचकजई ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक चिट्ठी लिखकर इमरान खान की मेडिकल जांच की इजाजत देने का भी अनुरोध किया।

# अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़े 200 से अधिक अवैध ऑनलाइन फार्मेसी डोमेन जब्त किए

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका ने ऑनलाइन फार्मेसियों से जुड़े भारत-आधारित एक अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक संगठन (टीसीओ) की 200 वेबसाइट के डोमेन को जब्त कर लिया है। अमेरिका के ड्रग प्रवर्तन प्रशासन (डीईए) ने यह कार्रवाई की। डीईए के अनुसार, यह संगठन अमेरिका में काम कर रहा है और कथित तौर पर कम से कम छह जानलेवा और चार ओवरडोज के मामलों के लिए जिम्मेदार था। 27 जनवरी से शुरू होकर पूरे अमेरिका में डीईए अधिकारियों ने कई ऑपरेशन किए और चार लोगों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही, पांच तत्काल निलंबन आदेश और एक कारण बताओ नोटिस जारी किए। अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन प्रशासन ने कहा कि ये दोनों प्रशासनिक कार्रवाई हैं, जो डीईए रजिस्टर्ड लोगों के खिलाफ सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा के खतरों से जनता की रक्षा के लिए की जाती हैं। ये कार्रवाई प्रशासन की ओर से 200 से ज्यादा ऑनलाइन फार्मेसियों को बंद करने के अलावा थीं, जिन पर बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के सैकड़ों-हजारों डायवर्टेड फार्मास्यूटिकल्स और नकली गोलियों के ऑर्डर भरने का आरोप था।

नियंत्रित पदार्थ अधिनियम (सीएसए) के तहत, डीईए फार्मेसियों की हिरासत में नियंत्रित पदार्थ की हैंडलिंग, भंडारण और वितरण को विनियमित करता है। सीएसए में यह शर्त है कि फार्मेसियों को केवल वैध प्रिस्क्रिप्शन मिलने पर ही कंट्रोल्ड सब्सटेंस देने की अनुमति है, जो एक व्यक्तिगत प्रैक्टिशनर की ओर से अपने सामान्य पेशेवर अभ्यास के दौरान एक वैध चिकित्सा उद्देश्य के लिए जारी किया गया हो। डीईए के अनुसार, जांच में पाया गया कि इन ऑनलाइन फार्मेसियों के ऑपरेटर और उनके सह-साजिशकर्ता बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के, पूरे अमेरिका में ग्राहकों को अवैध रूप से डायवर्टेड दवाएं बेच रहे थे



और भेज रहे थे, जो सीएसए का उल्लंघन था और मरीजों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए डिस्ट्रीब्यूशन के एक बंद सिस्टम में खतरनाक तरीके से घुसपैठ कर रहे थे।

इस जांच के दौरान डीईए ने हजारों ऐसे ग्राहकों की पहचान की, जिन्होंने इन ऑनलाइन फार्मेसियों के माध्यम से दवाएं खरीदी थीं। इसके बाद डीईए ने इस चल रही जांच के समर्थन में जानकारी मांगने के लिए जनता को 20 हजार से अधिक पत्र भेजे हैं।

ड्रग प्रवर्तन प्रशासन ने एक बयान में कहा कि अवैध ऑनलाइन फार्मेसियां ??अक्सर असली दिखने के लिए अमेरिकी-आधारित वेबसाइट पते और प्रोफेशनल दिखने वाले डिजाइन का इस्तेमाल करती हैं, जबकि असल में वे ऐसी नहीं होतीं। ये कंपनियां अवैध रूप से काम करती हैं, जानबूझकर अमेरिकी ग्राहकों को यह विश्वास दिलाकर धोखा देती हैं कि वे कानूनी रूप से सुरक्षित, विनियमित दवाएं खरीद रहे हैं।

बयान में आगे कहा गया, 'ऑपरेशन मेल्टडाउन के तहत बंद की गई कई साइटों ने खुद को वैध, अमेरिका-आधारित और एफडीए-अनुमोदित होने का दावा किया था, लेकिन डीईए की जांच में पता चला कि इन साइटों के ऑपरेटर अक्सर ड्रग तस्करों के साथ मिलकर ऑनलाइन ऑर्डर को नकली गोलियों या गलत तरीके से इस्तेमाल की गई दवाओं से पूरा करते थे। ये नकली दवाएं अक्सर फेंटानिल या मेथामफेटामाइन से बनी होती हैं और इन्हें लेने से गंभीर स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं, जिसमें हानिकारक साइड इफेक्ट, अप्रभावी इलाज और यहां तक ??कि मौत भी शामिल है।'

अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन प्रशासन ने बयान में यह भी कहा कि अपनी ग्लोबल पहुंच का इस्तेमाल करते हुए डीईए भारत सरकार के कानून प्रवर्तन भागीदारों के साथ मिलकर उन खतरनाक आपराधिक संगठनों की पहचान करने, जांच करने और उन्हें खत्म करने के लिए सक्रिय रूप से सहयोग करता है, जो इस तरह के अवैध ड्रग तस्करी ऑपरेशन में शामिल हैं।

रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन महंगा नहीं होगा,

## आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी, अब आरबीआई लाएगा सख्त गाइडलाइंस, लोन-रिकवरी एजेंट अब ग्राहकों को परेशान नहीं कर सकेंगे

**एजेंटों की बदतमीजी बैंकों को पड़ेगी भारी**

**मुंबई।**

इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी और बैंकों द्वारा की जा रही मिस-सेलिंग पर लगाम लगाने के लिए सख्त गाइडलाइंस लाने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि केंद्रीय बैंक तीन नए ड्राफ्ट रेगुलेशन जारी करने जा रहा है। इनका मकसद ग्राहकों की सुरक्षा को मजबूत करना और बैंकों की जवाबदेही तय करना है। इन नियमों के लागू होने के बाद रिकवरी एजेंट ग्राहकों को डरा-धमका नहीं पाएंगे और न ही बैंक आपको ऐसा इंश्योरेंस या लोन दे पाएंगे, जिसकी आपको जरूरत नहीं है। आरबीआई गवर्नर ने साफ किया है कि लोन रिकवरी की प्रक्रिया में पारदर्शिता और नैतिकता लाने के लिए मौजूदा नियमों को और कड़ा किया जाएगा। अक्सर शिकायतें आती हैं कि रिकवरी एजेंट ग्राहकों को देर रात फोन करते हैं, उनके रिश्तेदारों को परेशान करते हैं या घर आकर बदतमीजी करते हैं। नए नियमों के तहत बैंक अब इन एजेंटों की हरकतों के लिए सीधे जिम्मेदार होंगे। अगर कोई एजेंट नियमों का उल्लंघन करता है, तो बैंक पर भारी जुर्माना लग सकता है।

**अब जबरदस्ती नहीं बेच पाएंगे इंश्योरेंस**

जब कोई ग्राहक बैंक में एफडी कराने या लोन लेने जाता है, तो बैंक कर्मचारी उसे लुभावने वादे करके कोई इंश्योरेंस पॉलिसी या इन्वेस्टमेंट प्लान बेच देते हैं। बाद में पता चलता है कि वह प्रोडक्ट ग्राहक के लिए फायदेमंद ही नहीं था। इसे ही मिस-सेलिंग कहते हैं। आरबीआईअब इसके लिए सख्त गाइडलाइंस तय कर रहा है। बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे ग्राहकों को वही प्रोडक्ट बेचें जो उनकी जरूरत और रिस्क लेने की क्षमता के अनुसार हो।

**डिजिटल फ्रॉड पर 25,000 तक का मुआवजा**

रिजर्व बैंक ने एक नया फ्रेमवर्क लाने का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत छोटे अमाउंट वाले फ्रॉड ट्रांजैक्शन में नुकसान झेलने वाले ग्राहकों को 25 हजार तक का मुआवजा दिया जाएगा।

# नई दिल्ली में लॉन्च हुई भारत टैक्सी, देश की पहली सहकारी कैब सर्विस

**मुंबई।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सीऐप को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया। यह देश की पहली सहकारी कैब सर्विस है, जो प्रॉफिट के बजाय ड्राइवरों के कल्याण पर केंद्रित है। कंपनी किसी भी तरह का कमीशन नहीं लेती, और राइड का पूरा पैसा सीधे ड्राइवर के खाते में जाता है। भारत टैक्सी में कैब के साथ-साथ मेट्रो टिकट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। सहकारी मॉडल और कमीशन रहित सिस्टम के कारण किराया ओला-उबर की तुलना में काफी कम है। साथ ही ऐप में सर्ज प्राइसिंग का कोई सिस्टम नहीं है, जिससे भीड़ के समय किराया बढ़ता नहीं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऐप में एसओएस, इमरजेंसी बटन भी दिया गया है, जो लोकेशन भरोसेमंद संपर्कों तक तुरंत भेजता है। सफल ट्रायल के बाद ऐप अब दिल्ली-एनसीआर में पूरी तरह




उपलब्ध है और जल्द ही मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु में भी शुरू होगा।

## आरबीआई ने छोटे कारोबारियों के लिए बढ़ाई कोलैटरल-फ्री लोन की सीमा

**- कोलैटरल-फ्री लोन सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की**

**मुंबई।**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद छोटे कारोबारियों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला किया है। आरबीआई ने माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज (एमएसई) के लिए कोलैटरल-फ्री लोन की सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दी है। यह नया नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा और उसके बाद स्वीकृत या रिन्यू होने वाले सभी लोन पर लागू रहेगा। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य छोटे उद्यमियों को बिना संपत्ति गिरवी रखे अधिक लोन उपलब्ध कराना और उन्हें औपचारिक बैंकिंग सिस्टम से जोड़ना है। पहले कई छोटे व्यवसायियों को गिरवी की कमी के कारण महंगे अनौपचारिक कर्ज का सहारा लेना पड़ता था। अब वे आसानी से बैंक से 20 लाख रुपए तक का लोन ले सकेंगे, जो मशीनरी खरीदने, स्टॉक बढ़ाने और कारोबार विस्तार में सहायक होगा। एमएसएमई सेक्टर भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है और यह लाखों लोगों को रोजगार देता है। माइक्रो एंटरप्राइज में निवेश 2.5 करोड़ रुपए तक और टर्नओवर 10 करोड़ रुपए तक होता है, जबकि स्मॉल एंटरप्राइज में निवेश 25 करोड़ रुपए तक और टर्नओवर 100 करोड़ रुपए तक हो सकता है। ऋब्ध्रु का मानना है कि इस फैसले से छोटे उद्योगों को औपचारिक क्रेडिट सिस्टम से जोड़ने में मदद मिलेगी। आरबीआई का यह कदम न केवल छोटे कारोबारियों के लिए राहत देगा, बल्कि देश की आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में भी सहायक होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे एमएसएमई सेक्टर को विकास के नए अवसर मिलेंगे और कारोबारी निवेश में तेजी आएगी।

## क्रिप्टोकरेंसी बाजार में भारी गिरावट, बिटकॉइन 63,000 डॉलर के करीब

**बिटकॉइन गुरुवार के मुकाबले 9 फीसदी और गिरकर 65,000 डालर के आसपास**



**मुंबई ।**

क्रिप्टोकरेंसी बाजार में पिछले दो दिनों से भारी अस्थिरता देखी जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन गुरुवार को 12.6 फीसदी गिरकर 63,300 डालर तक पहुंच गई, जो अक्टूबर 2024 के बाद का सबसे निचला स्तर है। शुक्रवार को बिटकॉइन करीब 9 फीसदी और गिरकर 65,000 डालर के आसपास ट्रेड करने लगी। इस हफ्ते बिटकॉइन में कुल 17 फीसदी और साल 2026 में अब तक 28 फीसदी की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी ईथर भी दबाव में रही और एक दिन में 13 फीसदी से अधिक गिर गई, जबकि साल 2026 में इसमें करीब 38 फीसदी की गिरावट हो चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार, निवेशकों की जोखिम से दूरी, भारी लिक्विडेशन और अमेरिकी मौद्रिक नीति में सख्ती की आशंकाओं ने बाजार को झटका दिया। कॉइनग्लास के आंकड़ों के मुताबिक केवल 24 घंटों में 1 बिलियन डालर के बिटकॉइन पोजीशन जबरन बंद हुए। इसके अलावा टेक शेयरों में कमजोरी और सोना-चांदी जैसी संपत्तियों में अस्थिरता ने बाजार दबाव और बढ़ाया। संस्थागत निवेशकों द्वारा क्रिप्टो ईटीएफ से लगातार निकासी भी गिरावट का बड़ा कारण बनी है। डॉयचे बैंक के अनुसार, जनवरी में अमेरिकी स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ से 3 बिलियन डालर से ज्यादा निकासी हुई। बाजार के जानकारों के अनुसार, क्रिप्टो बाजार फिलहाल कैपिटुलेशन मोड में है। यह केवल अल्पकालिक सुधार नहीं बल्कि बड़े रीसेट की शुरुआत हो सकता है, जो कई महीनों तक चल सकता है। गिरावट जारी रहने पर माइनर्स पर दबाव बढ़ सकता है और जबरन लिक्विडेशन का जोखिम फिर से बढ़ सकता है।

# चांदी दो दिन में 41 हजार सस्ती, सोना भी धड़ाम

-चांदी की कीमत 2.41 लाख/किलो, तो सोना 1.51 लाख पर आया

**नई दिल्ली।**

सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को भी गिरावट जारी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत शुक्रवार को 13,155 रुपए गिरकर 2,41,184 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,54,339 रुपए थी। दो दिन में ये 41,278 रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 1,013 रुपए कम होकर 1,51,489 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,52,502 रुपए पर था। सोना दो दिन में 6,669 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

इससे पहले 29 जनवरी से 2 फरवरी के बीच चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हुई थी। वहीं, सोने की कीमत में 26 हजार रुपए कम हुई थी। वायदा कारोबार पर चांदी 4 लाख रुपए से घटकर 2.41 रुपए प्रति किलो पर आ गई थी। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1.70 लाख से गिरकर 1.40 लाख पर आ गया था। हालांकि फिर दोनों के दाम में तेजी रही थी।



सोने-चांदी में गिरावट की वजह

सोने-चांदी की कीमत हाल के दिनों में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने बड़े पैमाने पर प्रॉफिट बुक किया। वहीं ऑल टाइम हाई के बाद फिजिकल डिमांड कमजोर हुई, साथ ही औद्योगिक उपयोग को लेकर चिंताएं भी बढ़ीं।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** भारतीय रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 34 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.68 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपया 11 पैसे मजबूत होकर 90.23 पर पहुंच गया। गुरुवार को रुपया 13 पैसे बढ़कर 90.34 पर बंद हुआ था। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज में कारोबार के दौरान रुपया 90.28 पर खुला और फिर बढ़त जारी रखी। फॉरेक्स ट्रेडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने रुपया में और अधिक तेजी पर रोक लगाई। वहीं, डॉलर में थोड़ी मजबूती के चलते भी स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही।






## नेस्ले इंडिया की मैगी के 50 वर्ष पूरे, स्मृति में स्मारक डाक टिकट जारी

**नई दिल्ली ।** नेस्ले इंडिया के लोकप्रिय ब्रांड मैगी ने भारत में अपनी उपस्थिति के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किया है। इस डाक टिकट का अनावरण केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान और नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने एक गरिमामयी समारोह में किया। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इस अवसर पर कहा कि मैगी जैसे अग्रणी ब्रांड्स ने भारतीय खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने और उपभोक्ताओं का विश्वास जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने ब्रांड की पांच दशकों की विकास यात्रा की सराहना की। नेस्ले इंडिया के एमडी मनीष तिवारी ने इसे उपभोक्ताओं के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि 50 ईयर्स ऑफ़ टुगेदरनेस डाक टिकट उन अनगिनत साझा पलों को समर्पित है, जो मैगी ने पीढ़ियों से भारतीय घरों में निर्मित किए हैं। पिछले पांच दशकों में मैगी ने नूडल्स से लेकर सॉस और सूप तक अपनी श्रेणियों का विस्तार कर हर वर्ग के स्वाद में अपनी जगह बनाई है। कंपनी ने भविष्य में भी इसी विश्वास और गुणवत्ता को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

## आरबीआई डिजिटल लेन-देन सुरक्षा और ग्राहक क्षतिपूर्ति के लिए बनाएगा नई रूपरेखा




**- छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में 25,000 तक की क्षतिपूर्ति**

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को घोषणा की कि छोटे मूल्य वाले धोखाधड़ी वाले डिजिटल लेन-देन के लिए ग्राहकों को 25,000 तक की क्षतिपूर्ति दी जाएगी। इसका उद्देश्य ग्राहकों की तत्काल सुरक्षा और विश्वास बढ़ाना है। आरबीआई जल्द ही एक परिचर्चा पत्र प्रकाशित करेगा जिसमें डिजिटल भुगतान सुरक्षा के उपाय शामिल होंगे। इसमें विलंब से क्रेडिट और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण जैसी सुविधाएं होंगी। तीन दिशानिर्देशों का मसौदा` किया जाएगा तैयार- वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री रोकना, अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेन-देन में ग्राहक की देनदारी सीमित करना और ऋण वसूली और वसूली एजेंट के दिशा-निर्देशों का सामंजस्य। शहरी सहकारी बैंकों की क्षमता निर्माण के लिए मिशन सक्षम की शुरुआत की जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि सभी नए और संशोधित निर्देश जल्द सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किए जाएंगे, जिससे बैंकिंग क्षेत्र और डिजिटल भुगतान प्रणाली अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बने।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 266 अंक, निफ्टी 50 अंक उछला

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी दिन बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 266.47 अंक उछलकर 83,580.40 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50.90 अंक बढ़कर 25,693.70 पर बंद हुआ। आज एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में उछाल से बाहर ऊपर आया है। आईटीसी के शेयरों में 5 फीसदी और एचयूएल में 2.96 फीसदी की बढ़त रही।




आज कारोबार के दौरान निफ्टी एफएमसीजी , निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी कंजम्पशन, निफ्टी रियल्टी , निफ्टी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं निफ्टी आईटी , निफ्टी फार्मा , निफ्टी इंडिया डिफेंस , निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी ऑटो शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स पैक में आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, टाइटन, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम और एलएंडटी के शेयर लाभ में रहे जबकि टेक महिंद्रा, टीसीएस, एशियन पेंट्स, इटरनल, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और बीईएल के शेयरों को नुकसान हुआ। लार्जकैप की जगह मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 14.40 अंक की गिरावट के साथ 59,502.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 45.25 अंक टूटकर 16,938.65 पर था। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 224.17 अंक गिरकर 83,089.76 पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी-50 25,605 पर खुला और जल्द ही 25,600 के नीचे फिसल गया। वहीं एशियाई बाजारों में गिरावट रही। वॉल स्ट्रीट पर भी टेक शेयरों में दबाव रहा। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, टेक शेयरों वाला नैस्डैक 100 पिछले साल अप्रैल के बाद तीन दिनों में सबसे बड़ी गिरावट का सामना कर रहा है। इसकी एक वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर चिंता भी है। इस दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.23 फीसदी और नैस्डैक 1.59 फीसदी के नीचे बंद हुआ।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, 723.8 अरब डॉलर

**- पिछले सप्ताह के 709.41 अरब डॉलर से 14.4 अरब डॉलर अधिक**



**मुंबई ।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 723.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। यह पिछले सप्ताह के 709.41 अरब डॉलर से 14.4 अरब डॉलर अधिक है। इससे पहले 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में भंडार में 8.05 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा* ने कहा कि यह भंडार लगभग 11 महीने के वस्तु आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की बाहरी वित्तीय स्थिति मजबूत है और देश अपनी विदेशी वित्तीय जरूरतों को आसानी से पूरा करने में सक्षम है। विदेशी मुद्रा भंडार में चार कारक हैं - विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि और विशेष आहरण अधिकार। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में करीब 563 अरब डॉलर पर और स्वर्ण भंडार 123 अरब डॉलर पर था। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में डॉलर के अलावा यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी येन शामिल होता है। आरबीआइई के अनुसार, भंडार की यह बढ़त भारत को वैश्विक वित्तीय बाजारों में भरोसा और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण के उच्च स्तर से भारत अपनी बाहरी भुगतान क्षमता बनाए रखने में सक्षम है।

# भारत में 'डोल्से' ब्रांड की एंट्री, फाइन एर्स और व्यंडहम में रणनीतिक गठबंधन

**उदयपुर और गोवा में खुलेंगे लग्जरी रिसॉर्ट्स; राजस्थान में 'व्यंडहम ग्रैंड' का भी हुआ औपचारिक आगाज**

**उदयपुर ।**

भारतीय हॉस्पिटैलिटी परिदृश्य में एक नए युग की शुरुआत करते हुए देश की अग्रणी रियल एस्टेट और हॉस्पिटैलिटी कंपनी फाइन एर्स ने विश्व की विशालतम होटल फेंचाइजिंग संस्था व्यंडहम होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के साथ एक ऐतिहासिक रणनीतिक गठबंधन की घोषणा की है। इस साझेदारी के माध्यम से प्रतिष्ठित वैश्विक ब्रांड डोल्से होटल्स एंड रिसॉर्ट्स पहली बार भारतीय बाजार में कदम रखने जा रहा है।

संस्थापक व प्रबंध निदेशक दिनेश यादव के नेतृत्व में विकसित इस सहयोग के तहत गोवा और उदयपुर में दो फ्लैगशिप परियोजनाएं डोल्से बाय व्यंडहम लॉन्च की गई हैं।

उदयपुर के कोडियात में आयोजित एक भव्य गाला साइनिंग समारोह में इस गठबंधन पर मुहर लगी, जिसमें बॉलीवुड हस्तियों, अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने शिरकत की। इसी अवसर पर व्यंडहम ग्रैंड जयपुर आमेर का भी शुभारंभ किया गया, जो राजस्थान की शाही विरासत के साथ वैश्विक आधुनिकता का समावेश है।

इन परियोजनाओं की मुख्य विशेषता इनका यूनिट सेल्स मॉडल है।

इसके अंतर्गत लगभग 70 प्रतिशत इकाइयां व्यक्तिगत निवेशकों को विक्रय की जाएंगी, जिन्हें एक प्रबंधित रेंटल पूल के माध्यम से पूर्णतः लीज-बैक किया जाएगा। यह मॉडल निवेशकों के लिए व्यावसायिक स्थिरता, पेशेवर संचालन और दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करता है।

प्रबंध निदेशक दिनेश यादव ने कहा, हमारा लक्ष्य भारत में 5,000 यूनिट्स के विस्तार के साथ विश्व-स्तरीय हॉस्पिटैलिटी अनुभव प्रदान करना है। डोल्से ब्रांड प्रीमियम रिसॉर्ट्स और डेस्टिनेशन वेडिंग्स की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने की दिशा में हमारा एक ठोस कदम है। व्यंडहम के प्रेसिडेंट दिमित्रिस मैनिकिस और यूरेशिया के एमडी राहुल मैकारियस ने इसे गेम-चेंजर बताते हुए कहा कि यह साझेदारी पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

## आरबीआई बैंकों को रीट को ऋण देने की अनुमति देने पर कर रहा विचार

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रियल एस्टेट क्षेत्र के वित्तपोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैंकों को रील एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) को ऋण देने की अनुमति देने का प्रस्ताव पेश किया। इस कदम के पीछे मकसद है निवेशकों और बैंकों दोनों के लिए वित्तीय तरलता बढ़ाना। रीट ऐसे निवेश माध्यम हैं जो आय उत्पन्न करने वाली रियल एस्टेट संपत्तियों के मालिक होते हैं या उनका संचालन करते हैं। निवेशक सीधे संपत्ति खरीदे बिना संपत्ति से होने वाली आय में हिस्सा ले सकते हैं। भारत में रीट और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की अवधारणा संस्थागत और खुदरा निवेशकों के कोष के माध्यम से निवेश पुनर्वित्त करने और बैंकों के फंसे कोष को मुक्त करने के लिए बनाई गई थी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति में कहा कि कुछ विवेकपूर्ण सुरक्षा उपायों के साथ बैंकों को रीट को ऋण देने की अनुमति देने पर विचार किया जा रहा है। वर्तमान में, केवल इर विट को बैंक ऋण की अनुमति है, जबकि रीट को यह अनुमति नहीं थी। प्रस्तावित कदम में रीट को ऋण देने के लिए मौजूदा दिशानिर्देशों को इन विट के समान किया जाएगा।


## कॉग्निजेंट ने कर्मचारियों को 100 फीसदी बोनस दिया, राजस्व वृद्धि में रिकॉर्ड प्रदर्शन

**नई दिल्ली ।** कॉग्निजेंट ने वर्ष 2025 में 6.4 फीसदी की राजस्व वृद्धि दर्ज की, जो कंपनी के अनुमान 6-6.3 फीसदी से अधिक है। कंपनी ने इसेविजेताओं के समूह में शामिल होने जैसा अनुभव बताया। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि कंपनी नैस्डैक में सूचीबद्ध शीर्ष राजस्व वृद्धि वाली कंपनियों में फिर से शामिल हो गई है। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने प्रदर्शन के चलते कर्मचारियों को 100 फीसदी बोनस दिया, जो पिछले सात वर्षों में सबसे बड़ा है। इससे यह जाहिर होता है कि कॉग्निजेंट कर्मचारियों को अपने साथ बनाए रखने और उन्हें पुरस्कृत करने के लिए गंभीर है। कंपनी ने राजस्व वृद्धि, बाजार हिस्सेदारी, बड़े करार की गति, कौशल प्रशिक्षण, मार्जिन विस्तार और प्रति शेयर कमाई में बढ़ोतरी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शनिवार 07 फरवरी 2026
Www.vishalindia.in



# हम अच्छी फिल्में नहीं बना रहे

पिछले कुछ साल में इस बात पर बहस तेज हो गई है कि डूम स्क्रॉलिंग ने ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कैसे प्रभावित किया है। कई लोगों का मानना है कि अब लोगों में लंबे समय तक चलने वाले मनोरंजन के लिए धैर्य नहीं बचा है। कुछ लोग तो इसे बॉलीवुड के पतन का एक कारण भी बताते हैं, क्योंकि दर्शक फिल्में देखने में कम रुचि दिखा रहे हैं। अब अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के प्रमोशन में जुटे अभिनेता शाहिद कपूर ने इस मुद्दे पर बात की। साथ ही उन्होंने कहा कि सिर्फ कम ध्यान केंद्रित करने की क्षमता ही इंडस्ट्री के मौजूदा हालातों के लिए जिम्मेदार नहीं है। एक्टर ने बॉलीवुड में अच्छी फिल्मों की कमी पर भी बात की।

### मेकर्स भी अपने काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे

बातचीत में शाहिद कपूर ने कम ध्यान केंद्रित करने के मुद्दे पर कहा देखिए, मोमबत्ती दोनों तरफ से जल रही है। दर्शक अपना धैर्य खो रहे हैं। उनका ध्यान केंद्रित नहीं हो पा रहा है। उन्हें उत्तेजना चाहिए, उन्हें ब्रेक चाहिए, क्योंकि इससे डोपामाइन का स्तर बढ़ता है। मेकर्स भी अपने साथ ऐसा ही कर रहे हैं, इसलिए जब वे ध्यान केंद्रित करके काम करने की कोशिश करते हैं, तो उनकी रचनात्मक क्षमता प्रभावित होती है। ऐसा नहीं है कि दर्शक फिल्में देखना नहीं चाहते; लेकिन हम उतनी अच्छी फिल्में नहीं बना पा रहे हैं जितनी बनानी चाहिए। इसलिए यह एक दोतरफा प्रक्रिया है। शाहिद ने मेन्यूफैक्चेट मार्केटिंग पर भी अपनी राय रखते हुए कहा कि लोग समझते नहीं हैं, लेकिन यह जीवन का एक चमत्कार है। जब लोगों से भरा एक कमरा ताली बजाता है, सीटी बजाता है और आपको पहचानता है, आपको अपने से ऊपर दर्जा देता है, तो यह बहुत खूबसूरत होता है। इसीलिए कला खास है। लेकिन जब वह पवित्रता भंग होने लगती है और उसमें बनावटीपन आ जाता है, तो उसका महत्व खत्म हो जाता है। मार्केटिंग तो हर किसी को करनी पड़ती है। लेकिन मार्केटिंग कब सही और गलत की सीमा पार कर जाती है? हद से ज्यादा क्या होता है? यह वास्तव में आपकी अपनी नैतिक समझ पर निर्भर करता है। अगर आप उस समझ के साथ काम करना चुनते हैं, तो बात अलग है। लेकिन अगर आप सिर्फ बिजनेस और आंकड़ों के लिए काम कर रहे हैं, तो वह सिर्फ बिजनेस और आंकड़े ही हैं और वही आपका जीवन का अनुभव है। अगर आप कुछ प्रामाणिक, मानवीय, सहज खोज रहे हैं, तो उसे होने दें। उसे कंट्रोल करने की कोशिश न करें। शाहिद कपूर जल्द ही विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' में नजर आएंगे। फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मेरी जिंदगी परफेक्ट नहीं, ईश्वर की कृपा है

पंजाबी सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली अभिनेत्री सोनम बाजवा अपने पोस्ट के जरिए फैंस दिलों में राज करती हैं। अभिनेत्री ने गुरुवार को फैंस को एक खास संदेश दिया। अभिनेत्री सोनम बाजवा ने इंस्टाग्राम पर कुछ ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर कीं। अभिनेत्री की यह तस्वीरें काफी सादगी भरी और प्रभावशाली लग रही हैं, जो उनकी पर्सनैलिटी को गहराई से दर्शाती हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने फैंस को बताया है कि वे जिंदगी को परफेक्ट दिखाने की कोशिश कभी नहीं करतीं, बल्कि वे यह दिखाना चाहती हैं कि ईश्वर की कृपा से गुजर जाती हैं। वहीं, अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा, मैं कभी ऐसा न दिखूं कि मेरी जिंदगी बिल्कुल परफेक्ट है, बल्कि हमेशा यह दिखे कि ऊपरवाले ने मुझे अपने अनुग्रह से संभाला है। कमेंट सेक्शन में फैंस अभिनेत्री की तारीफ कर रहे हैं। वे उनकी इस बात को सच्ची और इंस्पायरिंग बता रहे हैं।

फिलहाल अभिनेत्री अपनी आने वाली फिल्मों में व्यस्त हैं। हाल ही में अभिनेत्री की फिल्म बॉर्डर 2 रिलीज हुई। फिल्म को 23 जनवरी को रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों से बेहद प्यार मिल रहा है। 1997 की बॉर्डर की अगली कड़ी में सोनम के अलावा, सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, आन्या, मेधा राणा, मोना सिंह और अहान शेट्टी जैसे सितारे मुख्य भूमिका में थे। फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 295 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म में कहानी को मजबूत तरीके से दिखाया गया है, जिसकी वजह से यह दर्शकों के दिलों को छू रही है। बताया जा रहा है कि फिल्म का आखिरी पार्ट देखना लाजवाब है, क्योंकि उसमें 1997 की बॉर्डर के मुख्य कलाकारों को भी दिखाया गया है। बॉर्डर 2 के निर्माता गुलशन कुमार और टी-सीरीज हैं। फिल्म के निर्देशक अनुराग सिंह हैं, जबकि भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी. दत्ता, और निधि दत्ता इसके निर्माण में शामिल हैं।



# शुभांगी अत्रे ने मनोरंजन जगत का सच बताया

टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म भाबीजी घर पर हैं को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी अत्रे ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। अभिनेत्री ने हाल ही में बालाजी टेलीफिल्म्स के पॉपुलर पॉडकास्ट ऑनेस्टली, व्हाई नॉट? में स्पेशल गेस्ट के तौर पर शिरकत की थी। इस शो में होस्ट ने अभिनेत्री से मनोरंजन जगत में दोस्ती को लेकर सवाल किए। होस्ट ने पूछा था कि क्या आपने कभी इंटरव्यू में अपने को-स्टार्स के साथ सबसे अच्छे दोस्त होने को लेकर झूठ बोला है? इस सवाल का जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।

इसके बाद होस्ट ने पूछा, आपके साथ सेट पर कभी ऐसा हुआ है कि सीन करने के बाद आपकी किसी के साथ नोकझोंक या लड़ाई हो गई और फिर से उन्हीं के साथ सीन करना पड़ रहा है और आपको ऐसा लग रहा है कि मुझे करना ही नहीं है? इस सवाल का जवाब शुभांगी अत्रे ने हंसते हुए दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने काम को काफी पसंद करती हैं और जब किरदार में रहती हैं तो वे सब भूल जाती हैं। उन्होंने कहा, नोकझोक तो हुई है पर काम ही नहीं करना ये कभी नहीं हुआ है और जब मैं अपने किरदार में रहती हूं तो मुझे कुछ याद नहीं रहता है। मुझे अपना काम बहुत पसंद है और मैं इसे पूरे मन से मजे लेकर करती हूं।

# मेधा राणा ने बताया कैसे हुई 'बॉर्डर 2' में एंट्री

**हालिया रिलीज फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की तारीफ मिल रही है। इस फिल्म से अभिनेत्री मेधा राणा को भी एक अलग पहचान मिली है। वो फिल्म में वरुण धवन के साथ नजर आई हैं। अब अभिनेत्री ने वरुण के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है।**

### फिल्म में कास्टिंग के दिन को किया याद

एएनआई से बातचीत के दौरान अपनी कास्टिंग की खबर मिलने के दिन को याद करते हुए मेधा ने कहा कि मैंने कई ऑडिशन दिए, पहले चरण में कम से कम दो या तीन। उसके बाद मुझे जाने-माने कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा सर और हमारे निर्देशक अनुराग सर से मिलने के लिए बुलाया गया। उस मुलाकात के दौरान दोनों ने मुझे बधाई दी और बताया कि मेरा चयन फिल्म के लिए हो गया है। मुझे वह दिन आज भी अच्छे से याद है। जब मैं उनसे मिलने गई तो मुझे मुश्किल से ही विश्वास हो रहा था। मैं बहुत भावुक हो गई और उनके सामने रोने लगी क्योंकि यह सब कुछ अवास्तविक लग रहा था।

### सेट पर सपोर्टिव थे वरुण धवन

अपने बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि मैं एक सैन्य परिवार से आती हूं। मेरे परिवार की तीन पीढ़ियां सेना में सेवा कर चुकी हैं। हमारे परिवार के लिए यह बहुत बड़ी बात है कि मुझे इस तरह के प्रोजेक्ट में भूमिका निभाने का मौका मिला। यह फिल्म मेरे लिए बहुत मायने रखती है। यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। मैं हमेशा आभारी रहूंगी। वरुण धवन के साथ स्क्रीन शेयर करने के अपने अनुभव के बारे में मेधा राणा ने कहा कि वरुण बहुत ही प्यारे, दयालु और सहयोगी को-स्टार हैं। मुझे याद है जब मैं पहली बार सेट पर गई थी, तो मैं बहुत घबराई हुई और डरी हुई थी। लेकिन उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मैं सहज महसूस करूं। उनकी एक खासियत है कि आपको कभी यह महसूस नहीं होगा कि वो एक स्टार हैं क्योंकि वो अपने आस-पास के सभी लोगों को सहज और सामान्य महसूस कराते हैं।



# तेलुगु फिल्म श्रीनिवास मंगापुरम में नजर आने वाली हैं राशा थडानी

**बॉलीवुड में फिल्म आजाद से डेब्यू कर चुकी अभिनेत्री राशा थडानी अब तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह फिल्म श्रीनिवास मंगापुरम में नजर आने वाली हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर सामने आ चुका है। सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने खुशी जाहिर की है। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।**

इंस्टाग्राम पर राशा थडानी ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने हल्की बैंगनी रंग की ड्रेस पहनी है। उन्होंने अपने बाल खोले हैं। इसके बैकग्राउंड में गुड़हल के फूल लगे हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने लिखा है श्रीनिवास मंगापुरम की मंगा से मिलिए। आभार और उम्मीद से भरे दिल के साथ, मैं तेलुगु सिनेमा में अपना पहला कदम रख रही हूं। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां जमीन से जुड़ी कहानियां होती हैं। इस सफर ने मुझे अपने ऊपर



यकीन करना और सब्र करना सिखाया है। उन लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर शुरुआत में भरोसा किया। फिल्म श्रीनिवास मंगापुरम के निर्देशक अजय भूपति हैं। राशा थडानी इस फिल्म में मंगा का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसके बारे में जानकारी नहीं है।



# रानी मुखर्जी से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक, इन अभिनेत्रियों ने निभाया पुलिस का दमदार किरदार

**सिनेमाघरों में रानी मुखर्जी की अदाकारी वाली फिल्म मर्दानी 3 रिलीज हो चुकी है। दर्शक फिल्म पर मिलीजुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस फिल्म में रानी मुखर्जी ने पुलिस ऑफिसर का दमदार किरदार निभाया है। फिल्म में वह मानव तस्करी गिरोह का पर्दा फाश करती हैं। आज हम उन अभिनेत्रियों के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने फिल्मों में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है।**

### मर्दानी, मर्दानी 2

मर्दानी फ्रेंचाइजी की सबसे पहली फिल्म मर्दानी (2014) में रानी मुखर्जी ने शिवानी शिवाजी नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। इसमें वह एक लापता लड़की की तलाश करती हैं। केस को हल करते हुए वह चाइल्ड ट्रैफिकिंग की दुनिया में पहुंचती हैं। इसी तरह से मर्दानी 2 (2019) में भी रानी मुखर्जी ने एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया। इसमें वह एक ऐसे व्यक्ति को पकड़ने की कोशिश करती हैं जो मासूम महिलाओं के साथ दुष्कर्म करता है और उनका कत्ल कर देता है। दोनों फिल्मों की कामयाबी के बाद मर्दानी 3 (2026) बनी है।

### दृश्यम, दृश्यम 2



फिल्म दृश्यम (2013) में तब्बू ने एक पुलिस ऑफिसर मीरा देशमुख का किरदार निभाया है। इसमें वह अपने बेटे को ढूंढती हैं। उनका बेटा अजय देवगन की बेटी के साथ कुछ गलत करना चाहता है लेकिन धोखे से उसकी मौत हो जाती है। फिल्म में तब्बू का सामना अजय देवगन से होता है। दृश्यम 2 (2022) में यही कहानी आगे बढ़ती है। पुलिस के किरदार में तब्बू अपने बेटे को ढूंढने के लिए अक्षय खन्ना को लेकर आती हैं। इस बार भी वह अजय देवगन से मात खा जाती हैं।

### जय गंगाजल



प्रकाश झा के निर्देशन में बनी फिल्म जय गंगाजल (2016) में प्रियंका चोपड़ा ने आभा माथुर नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म में वह ताकतवर गुंडों का सामना करती हैं। पुलिस के किरदार में प्रियंका चोपड़ा को खूब सराहा गया।

### सोनी

फिल्म सोनी (2018) में गीतिका विद्या ओल्यान ने सोनी नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। फिल्म में दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों से लड़ने की कहानी दिखाई गई है। इसके अलावा फिल्म पुलिस विभाग में पितृसत्तात्मक चुनौतियों को चित्रित करती है। फिल्म में गीतिका के किरदार को पसंद किया गया।

### कटहल

फिल्म कटहल (2023) में सान्या मल्होत्रा ने महिमा बोर्से नाम की पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक विधायक के घर से दो कीमती कटहल गायब हो जाते हैं। यह केस गरीब माली की लापता बेटी के अपहरण से जुड़ा होता है। फिल्म में सान्या के पुलिस वाले किरदार को खूब पसंद किया गया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in